दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली | बुधवार 22 अप्रैल -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 119 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## सीजफायर के बीच ट्रंप का ईरान को अल्टीमेटम

## 'आज डील नहीं हुई तो शुरू कर देंगे बमबारी...'




**वाशिंगटन।** अमेरिका-ईरान में जारी तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि ईरान में चल रहे युद्ध को लेकर कुछ अच्छी खबर मिली है। लेकिन उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि अगर तेहरान के साथ दूसरे दौर की बातचीत में कोई समझौता नहीं हुआ, तो बुधवार के बाद सीजफायर आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

उन्होंने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा, हमें 20 मिनट पहले कुछ अच्छी खबर मिली है, ऐसा लगता है कि मिडिल ईस्ट में ईरान के साथ बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। हालांकि, ट्रंप ने विस्तार से कुछ नहीं बताया। उन्होंने आगे कहा, आपको इसके बारे में पता चलेगा। मुझे लगता है कि ऐसा होना चाहिए... मुझे लगता है कि ऐसा होगा। देखते हैं क्या होता है। ट्रंप ने आगे कहा कि भले ही ईरान हॉर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोल दे, लेकिन इस अहम समुद्री रास्ते पर अमेरिकी नौसेना की नाकाबंदी जारी रहेगी। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि वे सीजफायर आगे नहीं बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ जारी दो हफ्ते का सीजफायर तब तक नहीं बढ़ाया जाएगा जब तक बुधवार तक युद्ध समाप्त करने के लिए कोई स्थाई समझौता नहीं हो जाता।

उन्होंने आगे कहा, हो सकता है मैं इसे आगे न बढ़ाऊं, लेकिन नाकाबंदी जारी रहेगी। अगर ऐसा हुआ, तो नाकाबंदी तो रहेगी ही और दुर्भाग्य से हमें फिर से बमबारी शुरू करनी पड़ेगी।

जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या ईरान होर्मुज स्ट्रेट में टोल लगाएगा या जहाजों की आवाजाही प्रतिबंधित करेगा, तो उन्होंने कहा, नहीं। बिलकुल नहीं। नहीं। नहीं। प्रतिबंध यह है कि आप टोल नहीं लगा सकते। नहीं, टोल नहीं लगने वाला है।

ये बयान लेबनान में हुए सीजफायर समझौते के बाद ईरान द्वारा शुक्रवार को होर्मुज जलडमरूमध्य को अस्थायी रूप से फिर से खोलने के बाद आईं। ट्रंप ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने या बाहर निकलने वाले जहाजों पर अमेरिकी नाकाबंदी तब तक जारी रहेगी जब तक कोई समझौता नहीं हो जाता।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर बड़े अक्षरों में पोस्ट कर लिखा, होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह से खुला है और व्यापार और पूर्ण आवागमन के लिए तैयार है, लेकिन ईरान के संबंध में नौसैनिक नाकाबंदी तब तक पूरी तरह से लागू रहेगी जब तक ईरान के साथ हमारा समझौता 100% पूरा नहीं हो जाता, बाद में उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने होर्मुज को फिर कभी बंद न करने पर सहमति जताई है।

## द बर्निंग क्रॉसिंग रिपब्लिक बनने से बचा बड़ा इलाका

### - दो कमिश्नरेट की दमकल टीमों ने पाया था आग पर काबू

### मिनटों में भड़की आग से बीस दुकानें हुई स्वाहा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच मंगलवार को क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गोल चक्कर के पास स्थित अस्थायी दुकानों में अचानक भीषण आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और करीब 20 टीन शेड दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें और घना धुआं दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के अनुसार मंगलवार को 11:12 बजे फायर स्टेशन कोतवाली को आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही तत्काल दो फायर टेंडर मौके के लिए रवाना किए गए। मौके पर पहुंचने पर आग तेजी से फैलती हुई पाई गई, जिस पर तत्काल अतिरिक्त संसाधनों को बुलाया गया। घटनास्थल की गंभीरता को देखते हुए वैशाली, साहिबाबाद और अन्य फायर स्टेशनों के साथ-साथ जनपद गौतमबुद्धनगर से भी दमकल की गाड़ियों को बुलाया गया।

कुछ ही देर में पूरा क्षेत्र दमकल वाहनों और फायर कर्मियों से भर गया। कुल 6 फायर टेंडर, 5 वाटर बाउजर और एक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की मदद से आग बुझाने का अभियान चलाया गया। राहुल पाल ने बताया कि फायर यूनिट ने तुरंत दो दिशाओं से पानी की लाइन बनाकर आग को घेरने की रणनीति अपनाई। भीषण गर्मी और तेज लपटों के बीच फायर कर्मियों ने लगातार प्रयास कर आग पर काबू पाया और उसे फैलने से रोका।

### फ्लैट में आग से मची अफरा-तफरी

करंट क्राइम : आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसकी चपेट में पास स्थित अजनारा जेनएक्स सोसाइटी भी आ गई। सोसाइटी के 20वें तल पर स्थित फ्लैट नंबर-2006, निवासी अरुणोदय वर्मा के घर के एक कमरे में आग लग गई। दमकल टीम ने तुरंत ऊंचाई पर पहुंचकर आग को बुझाया। इस दौरान कमरे में रखे तीन एसी, दो मेज और एक एलईडी टीवी जलकर नष्ट हो गए, जबकि दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के अनुसार, आग पर समय रहते नियंत्रण पा लिया गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हमारी टीम की प्राथमिकता आसपास के संवेदनशील स्थानों को सुरक्षित रखना भी थी। दरअसल, घटनास्थल के पास ही मॉडल वाइन शॉप और सीएनजी पंप स्थित था। यदि आग वहां तक पहुंच जाती, तो स्थिति बेहद गंभीर हो सकती थी। लेकिन फायर टीम की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से इन स्थानों को पूरी तरह सुरक्षित बचा लिया गया।



### बीस दुकानों में मिनटों में फैल गई थी आग

करंट क्राइम : करीब 20 अस्थायी दुकानों में लगी आग को घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद पूरी तरह बुझा दिया गया। इस पूरे ऑपरेशन के दौरान गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर के वरिष्ठ अग्निशमन अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और लगातार निगरानी करते रहे। यह घटना एक बार फिर इस बात की चेतावनी है कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ती हैं, खासकर उन इलाकों में जहां अस्थायी ढांचों और ज्वलनशील सामग्री का उपयोग अधिक होता है। समय पर सूचना, दमकल विभाग की तेज प्रतिक्रिया और दो कमिश्नरेट के समन्वय से द बर्निंग क्रॉसिंग एक बड़े हादसे में बदलने से बच गया।

## राजनाथ का तीन दिवसीय जर्मनी दौरा रहेगा बेहद खास



### यह दौरा रक्षा सहयोग को नई दिशा देगा और वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को भी और मजबूत करेगा

**नई दिल्ली।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार से जर्मनी के तीन दिवसीय महत्वपूर्ण दौरे पर रवाना हो रहे हैं। बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य और तकनीकी प्रतिस्पर्धा के बीच यह दौरा भारत-जर्मनी रक्षा संबंधों को नई ऊंचाई देने वाला माना जा रहा है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी को गति देना है।

दौरे के दौरान बर्लिन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपने जर्मन समकक्ष बोरिस पिस्टोरियस और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ उच्चस्तरीय द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इन बैठकों में रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने, सैन्य बलों के बीच तालमेल मजबूत करने और आधुनिक तकनीकों पर संयुक्त कार्य को लेकर व्यापक चर्चा होगी।

इस यात्रा का सबसे अहम पहलू एक रक्षा औद्योगिक मार्गदर्शिका को अंतिम रूप देना है। इसके तहत भारत और जर्मनी भविष्य में हथियारों, सैन्य प्लेटफॉर्म और अत्याधुनिक रक्षा उपकरणों का संयुक्त विकास और सह-उत्पादन करेंगे। इससे ह्यमेक इन इंडियाह्व को बढ़ावा मिलने के साथ भारत की रक्षा उत्पादन क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

इसके अलावा साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मानवरहित विमान जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी विशेष जोर रहेगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, दौरे के दौरान रक्षा उद्योग सहयोग के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा अभियानों से जुड़े प्रशिक्षण में सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं।

यह दौरा सात वर्षों के अंतराल के बाद हो रहा है, जो इसकी अहमियत को और बढ़ाता है। इससे पहले वर्ष 2019 में तत्कालीन रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने जर्मनी का दौरा किया था, जबकि जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस जून 2023 में भारत आ चुके हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह दौरा न केवल रक्षा सहयोग को नई दिशा देगा, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की रणनीतिक स्थिति को भी और मजबूत करेगा।

## डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने किया चौधरी मोड़ का औचक निरीक्षण

### जाम और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मंगलवार को डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने चौधरी मोड़ (जीटी रोड-आंबेडकर रोड) का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान एसीपी ट्रैफिक रितेश त्रिपाठी भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मौके पर ट्रैफिक के मौजूदा हालात, जाम की स्थिति और यातायात प्रबंधन की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

चौधरी मोड़, गाजियाबाद का सबसे व्यस्त और संवेदनशील चौराहा माना जाता है, जहां दिनभर भारी वाहनों और आम यातायात का दबाव बना रहता है। ऐसे में डीसीपी ट्रैफिक ने मौके पर ही ट्रैफिक कर्मियों को सख्त दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में यातायात बाधित नहीं होना चाहिए और आम नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिलनी चाहिए।

### डीसीपी ट्रैफिक के प्रमुख निर्देश



करंट क्राइम : यातायात को हर हाल में सुचारू, बाधा मुक्त और सुरक्षित रखा जाए। जाम की स्थिति बनने पर तत्काल वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें, यातायात सामान्य कराया जाए। तो ट्रैफिक प्वाइंट्स पर कर्मियों की तैनाती प्रभावी ढंग से की जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई और चालान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से बिना हेलमेट, सीट बेल्ट के वाहन चलाने, गलत दिशा में वाहन चलाने और अवैध पार्किंग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही ई-रिक्शा और ऑटो चालकों को भी निर्धारित नियमों का पालन कराने पर जोर दिया गया। डीसीपी ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि वे पूरी मुस्तैदी और सतर्कता के साथ ड्यूटी करें, आपसी समन्वय बनाए रखें और आमजन के साथ शालीन व्यवहार करें, ताकि पुलिस की सकारात्मक छवि बनी रहे। गौरतलब है कि चौधरी मोड़ पर अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है, जिससे आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में डीसीपी ट्रैफिक का यह औचक निरीक्षण और सख्त निर्देश यातायात व्यवस्था को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## गाजियाबाद में बढ़ते अग्निकांड, 24 घंटे में 14 घटनाएं

### सॉलिड प्लान न बना तो कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में लगातार बढ़ रही आग की घटनाएं अब गंभीर चिंता का विषय बन चुकी हैं। भीषण गर्मी के साथ शॉर्ट सर्किट, केमिकल लीकेज और लापरवाही के कारण आग लगने के मामलों में तेजी आई है। बीते 24 घंटे में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 14 अलग-अलग स्थानों पर छोटी-बड़ी आग की घटनाएं सामने आई हैं, जिसने दमकल विभाग की तैयारियों और संसाधनों पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। घंटाघर कोतवाली क्षेत्र के केमिकल गोदाम से लेकर इंदिरापुरम की सोसायटी, कनावनी गांव, भोपुरा कबाड़ मार्केट और क्रॉसिंग रिपब्लिक के फ्लैट व अस्थायी दुकानों में आग लगने की घटनाएं हालात की गंभीरता को दशार्ती हैं। जिस तरह से लगातार आग की घटनाएं हो रही हैं, उससे आशंका जताई जा रही है कि अगर समय रहते ठोस रणनीति नहीं बनाई गई तो कोई बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता है।

### संसाधनों की कमी बनी बड़ी चुनौती

करंट क्राइम : दमकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार, विभाग में कई पद खाली पड़े हैं और उपलब्ध स्टाफ पर अत्यधिक दबाव है। कुछ कर्मी स्वास्थ्य कारणों से भी पूरी तरह सक्रिय नहीं हैं, जिससे राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित होता है। मुख्यालय को अतिरिक्त संसाधनों और स्टाफ की मांग भेजी गई है, लेकिन अभी तक पर्याप्त पूर्ति नहीं हो सकी है।

### 24 घंटे में आग की घटनाएं (मुख्य स्थान)



मसूरी : मुबारकपुर खेत में आग।
पुराना बस अड्डा : कंप्यूटर मार्केट कूड़े में आग।
क्रॉसिंग रिपब्लिक : फ्लैट व मार्केट में आग।
टीलामोड़ : मास्टर फार्म हाउस के पास कूड़े में आग।
भोपुरा चौक कूड़े में आग।
जनकपुरी पार्क सहिबाबाद में आग।
मुरादनगर : बिजली घर व गंगनहर पटरी के पास जंगल में आग
ग्राम रेवड़ी, अबूपुर, पेंगा खेत/मिल/जंगल क्षेत्रों में आग।
संतोष विहार, लाल बाग, बैहटा हाजीपुर : कूड़े में आग।

### बड़ा खतरा कहीं लखनऊ जैसा हादसा ना हो जाए



करंट क्राइम : लगातार हो रही घटनाओं के बीच यह डर भी बढ़ रहा है कि कहीं लखनऊ जैसे बड़े अग्निकांड की पुनरावृत्ति न हो जाए। यदि समय रहते फायर सेफ्टी ऑडिट, उपकरणों की उपलब्धता और स्टाफ की संख्या नहीं बढ़ाई गई, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। वहीं कहा जाए तो गाजियाबाद में बढ़ती आग की घटनाएं साफ संकेत दे रही हैं कि अब केवल राहत कार्य नहीं, बल्कि ठोस रोकथाम नीति, आधुनिक संसाधन और पर्याप्त स्टाफ की तत्काल जरूरत है। वरना एक चूक भारी जनहानि का कारण बन सकती है।

## राहुल गांधी इटैलियन संविधान पढ़ते हैं, अखिलेश भी उसी रास्ते पर: गौरव भाटिया

### 'धारा-370, राम मंदिर और तीन तलाक की तरह नारी शक्ति वंदन पर भी भाजपा करेगी निर्णायक जीत हासिल'



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को गाजियाबाद में आयोजित प्रेसवार्ता में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इटैलियन संविधान पढ़ते हैं और उसी भाषा को समझते हैं, जबकि अखिलेश यादव भी उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। लोकसभा में बिल पर विपक्ष को उन्होंने निशाने पर लिया। तो गौरव भाटिया ने कहा कि लोकसभा में नारी शक्ति वंदन बिल को लेकर विपक्ष का रवैया नकारात्मक और विरोधाभासी रहा। उनके अनुसार कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम और आम आदमी पार्टी की विचारधारा सत्य से अलग है और ये दल केवल भाजपा को कमजोर करने की राजनीति करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब महिलाओं को वास्तविक राजनीतिक भागीदारी देने की बात आती है, तब यही दल विरोध करने लगते हैं और सदन में भ्रम की स्थिति पैदा करते हैं। गौरव ने कहा कि महिलाओं के मुद्दे पर केवल दिखावटी राजनीति की जा रही है। तो संसद में बिल को लेकर भ्रम फैलाना

महिला आरक्षण के मुद्दे पर असंगत रुख और राजनीतिक लाभ के लिए संवेदनशील मुद्दों का इस्तेमाल हो रहा है।




### महिलाओं के सम्मान पर भाजपा का स्वर्णिम काल

करंट क्राइम : भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने शासनकाल में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के दौरान महिलाओं के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए, जिससे उनकी सामाजिक और राजनीतिक स्थिति मजबूत हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी दलों की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है और वे केवल चुनावी लाभ के लिए महिलाओं के मुद्दों को उठाते हैं। गौरव भाटिया ने ममता बनर्जी, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी और डिंपल यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये नेता आम परिवारों से आने वाली महिलाओं को अपने बराबर नहीं देखना चाहतीं। उन्होंने कहा कि भाजपा इसके उलट हर वर्ग की महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

### यह बिल नहीं, विपक्ष गिरेगा

करंट क्राइम : भाजपा नेता गौरव भाटिया ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष जिस तरह से प्रतिक्रिया दे रहा है, वह उसकी राजनीतिक हताशा को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह बिल किसी भी हालत में कमजोर नहीं पड़ेगा, बल्कि आने वाले समय में विपक्ष की राजनीति को ही कमजोर करेगा। धारा-370, राम मंदिर और तीन तलाक का उदाहरण देते हुए गौरव भाटिया ने कहा कि भाजपा ने पहले भी कई बड़े और संवेदनशील मुद्दों पर ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों पर विपक्ष ने पहले विरोध किया, लेकिन अंतत: भाजपा की नीतियों की जीत हुई। इसी तरह नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भी पूरी मजबूती से लागू किया जाएगा।

### परिसीमन और सीट बढ़ाने पर दिया बड़ा बयान

करंट क्राइम : भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के मुद्दे पर भी विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि जब देश की आबादी करीब 50 करोड़ थी, तब 550 सीटें थीं, तो आज 140 करोड़ से अधिक आबादी होने पर 850 सीटों का प्रस्ताव गलत कैसे हो सकता है। उनके अनुसार विपक्ष इस मुद्दे को भी गलत तरीके से पेश कर रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि महिलाओं को 33% राजनीतिक आरक्षण देने की दिशा में ठोस पहल है। तो महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए कानूनों को सख्ती से लागू करना सामाजिक और आर्थिक रूप से महिलाओं को सशक्त बनाना भाजपा की सोच है। हर वर्ग की महिलाओं को राजनीति में प्रतिनिधित्व देना केवल भाजपा ही सोचती है।

### कार्यक्रम में प्रमुख मौजूदगी

करंट क्राइम : प्रेसवार्ता के दौरान स्थानीय भाजपा नेतृत्व भी मौजूद रहा, जिनमें पूर्व महापौर आशा शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे। प्रेसवार्ता ने साफ कर दिया है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सियासी माहौल और गर्म होने वाला है। भाजपा इसे अपने महिला सशक्तिकरण एजेंडे का केंद्र बना रही है, जबकि विपक्ष के साथ इस मुद्दे पर टकराव और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।



# महिला अधिकारों के लिए सड़क पर उतरे सीएम योगी, बोले- विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा उजागर






**जन आक्रोश पदयात्रा**

**लखनऊ।** नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लोकसभा में विपक्ष द्वारा पारित नहीं होने देने के विरोध में मंगलवार को राजधानी लखनऊ ऐतिहासिक जनाक्रोश का साक्षी बना, जब महिला अधिकार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं सड़क पर उतरे। उनके नेतृत्व में हजारों महिलाओं का हुजूम मुख्यमंत्री आवास से सिविल हॉस्पिटल होते हुए विधान भवन तक उमड़ पड़ा। इस जनाक्रोश पदयात्रा में सीएम योगी के साथ पूरा मंत्रिमंडल सड़क पर उतरा दिखाई दिया। यह कोई साधारण पदयात्रा या रैली नहीं थी, यह नारी सम्मान और उसके संवैधानिक अधिकारों पर हुए हमले का सीधा और बेहद तीखा जवाब था।

विधान भवन के सामने महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को विधानसभाओं एवं लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, किंतु कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके सहित इंडी गठबंधन के दलों द्वारा इसे बाधित करने का प्रयास उनके अलोकतांत्रिक और महिला-विरोधी चेहरे को उजागर करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इन दलों को अपनी नकारात्मक छवि सुधारने का अवसर दिया गया था, किंतु इन्होंने उसका दुरुपयोग करते हुए महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी अन्याय के विरोध में देशभर में आधी आबादी सड़कों पर उतरकर लोकतांत्रिक ढंग से अपना आक्रोश प्रकट कर रही है। लखनऊ में प्रचंड गर्मी के बावजूद हजारों की संख्या में मातृशक्ति की सहभागिता प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के प्रति व्यापक जनसमर्थन और आशीर्वाद का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश का एक-एक नागरिक आधी आबादी की इस न्यायोचित मांग के साथ मजबूती से खड़ा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते वर्षों में देश ने व्यापक परिवर्तन देखा है, जिसमें ह्यमहिला, गरीब, युवा और किसानह्ण इन चार जातियों को केंद्र में रखकर नीतियों का निर्माण किया गया है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप देश ने विकास और आत्मनिर्भरता के नए मानक स्थापित किए हैं।

## केंद्र सरकार ने जारी की मनरेगा की पहली किस्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मनरेगा मजदूरों के लिए 17,744 करोड़ रुपये की किस्त जारी कर दी है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की यह पहली अदायगी है। इस राशि से अब विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मजदूरों को समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष में अब तक काम की मांग में कोई असामान्य वृद्धि नहीं देखी गई है। हालांकि, सामान्य रूप से इस अवधि में विभिन्न राज्यों में रोजगार की मांग अधिक रहती है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रस्तावित वीबी-जी रामजी कानून के लागू होने तक मनरेगा पूरी तरह प्रभावी रहेगा। ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने में कोई बाधा नहीं आएगी। मनरेगा के तहत मांग पर रोजगार देने, समय पर मजदूरी भुगतान सहित सभी कानूनी अधिकार पहले की तरह जारी रहेंगे। सरकार ने यह कदम ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों को पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित होने से बचाने के लिए उठाया है।

# महिला आरक्षण के मुद्दे पर घमासान

## यूपी सरकार ने 30 अप्रैल से बुलाया विधानमंडल का विशेष सत्र



**लखनऊ।** संसद में विपक्ष के विरोध के चलते नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक गिरने के बाद अब इस मुद्दे पर सियासी घमासान छिड़ गया है। विपक्ष जहां अपने विरोध को जायज ठहराने के लिए विधेयक के प्रविधानो की खामियों को गिना रहा है। वहीं, भाजपा विपक्ष को इस मुद्दे पर घेरकर 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जमीन को मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दिया है।

इसी के तहत योगी सरकार ने इस मुद्दे पर 30 अप्रैल को विधानमंडल का सत्र बुलाने का निर्णय लिया है। चूंकि सत्र बुलाने के लिए सदस्यों को न्यूनतम सात दिन पहले सूचना दी जानी आवश्यक है इसलिए सरकार ने सत्र बुलाने के प्रस्ताव को रविवार को कैबिनेट बाई सकुर्लेशन के जरिए स्वीकृति दी। अब सोमवार को यह प्रस्ताव राज्यपाल की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।

दरअसल, नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पारित न हो पाने पर भाजपा आक्रामक रूप से विपक्ष पर हमलावर हो गई है। रविवार को भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रेस कान्फ्रेंस कर विपक्ष को घेरते हुए कहा था कि संसद में संशोधन विधेयक पेश होने के दौरान विरोधी दलों का चरित्र भरी सभा में द्रौपदी के चीरहरण जैसा था। यह महिला सम्मान एवं लोकतंत्र दोनों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। अब सरकार विधानसभा में भी इस मुद्दे पर विपक्ष को घेरने की तैयारी कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक, 30 अप्रैल को आयोजित विधानमंडल के सत्र में सरकार महिला आरक्षण के मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने के साथ-साथ विपक्ष पर हमलावर होगी। चर्चा है कि सत्र के दौरान विपक्ष के रवैये को लेकर निंदा प्रस्ताव भी पेश किया जा सकता है।

सरकार का आरोप है कि विपक्ष महिला सशक्तीकरण जैसे अहम मुद्दे पर भी राजनीति कर रहा है। विधानमंडल का यह सत्र सिर्फ विधायी कार्यवाही तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच सीधी राजनीतिक टकराहट का मंच भी बनेगा। महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दे पर दोनों पक्ष अपनी-अपनी रणनीति के तहत जनता को संदेश देने की कोशिश करेंगे।

# भाजपा की पदयात्रा पर अखिलेश ने ली चुटकी

## सीमा राजभर बनीं सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मंगलवार को सपा मुख्यालय में कई कई नेताओं ने समाजवादी पार्टी का दामन थामा। इसमें बसपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एमएच खान, श्यामलाल निषाद,



विजय कुमार लाल, अखिलेश पाठक, इशरत अली खान, नीलू सत्यार्थी शामिल रहे। सपा मुखिया अखिलेश यादव की मौजूदगी में ये पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर सीमा राजभर समाजवादी महिला सभा की नई राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित की गईं। वे बलिया की रहने वाली हैं।

इस मौके पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधा। सुबह हुई भाजपा की पदयात्रा पर चुटकी ली। कहा कि इतनी धूप में बिना चश्मा लगाए पद यात्रा की गई। पहली पर कोई सरकार अपने ही बिल पर इतनी मेहनत कर रही है। अब जब भाजपा जाएगी तो फिर कभी नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि हमें एक चायवाले लड़के ने चाय क्या बनाकर पिला दी, उसकी दुकान ही बंद करा दी गई। ये लोग किसी को रोजगार तो दे नहीं पा रहे, कम से कम कोई था जो कह रहा था कि हमसे अच्छी चाय कोई नहीं बना पाता।

## ईडी के समन के बाद डीसीपी शांतनु लापता, संदेह गहराया

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस के उपायुक्त (डीसीपी) शांतनु सिन्हा बिस्वास को लेकर संदेह गहराता जा रहा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन के बावजूद वह सोमवार को सॉल्टलेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में पेश नहीं हुए। रविवार तड़के से उनके बालीगंज के आवास पर करीब 20 घंटे चले छापों के बाद से ही शांतनु का पता नहीं चला है।

सोमवार को ईडी ने शांतनु और उनके दो बेटों- सायंतन और मनीष को पूछताछ के लिए तलब किया था, पर दोपहर तक तीनों में से कोई भी नहीं पहुंचा।

इस दौरान छापों को लेकर परस्पर विरोधी दावे भी सामने आए। शांतनु के बेटे सायंतन ने कहा था कि छापों के वक्त उनके पिता घर पर ही थे। वहीं, ईडी सूत्रों का दावा है कि शांतनु वहां नहीं थे।

# 'गिड़गिड़ाकर पैरों में गिर गए थे बच्चे...', फिर भी न पसीजे 'कातिल', बच्चों के सामने मां-बाप का कत्ल

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद शहर के चक्कर की मिलक में रामगंगा किनारे बने मकान में सोमवार की रात आठ बजे हुई वारदात ने सभी के रोंगटे खड़े कर दिए। मात्र 16 हजार रुपये को लेकर पनपे विवाद में पड़ोसी के बेटे ने अपने साथियों के साथ मिलकर राजा और उसकी पत्नी पर हमला कर दिया। बेटी अफ्शा और बेटा आतिफ गिड़गिड़ाते रहे। हमलावरों के पैरों में गिर गए, लेकिन फिर भी हमलावरों का दिल नहीं पसीजा। राजा और फराह की मौत होने तक चाकू से वार करते रहे। आठ साल की अफ्शा ने पुलिस को बताया कि उन लोगों को भी पीटा।







राजा की बेटी अफ्शा और आतिफ इस घटना से इतने भयभीत हैं कि उनकी सिसकियां अब तक नहीं रुक पा रही हैं। दोनों भाई बहन घटनास्थल पर मौजूद थे। उन्होंने पुलिस, दादा और चाचा समेत परिवार के अन्य लोगों को घटना के एक-एक पल के बारे में बताया। अफ्शा ने बताया कि छोटे भाई अब्बास की कई दिन से तबीयत खराब चल रही थी। सुबह पापा काम पर चले गए थे। शाम को घर आए थे। मां दिन भर अब्बास के पास ही चारपाई पर बैठी रही थी। मम्मी-पापा अब्बास की दवाई लेकर आए थे। घर में आकर पापा एक चारपाई पर बैठे थे। दूसरी चारपाई पर मां और अब्बास थे। मैं और दूसरा भाई मकान के बाहर मौजूद थे। अभी घर में खाना भी नहीं बना था। इसी दौरान वे लोग हमारे घर में घुस आए। उन्होंने पापा से मारपीट शुरू कर दी थी।

शोर शराबा होने पर अब्बास रोने लगा तो मां ने उसे गोद में ले लिया और पिता को बचाने लगी थी। हम दोनों भाई बहन भी कमरे में आ गए थे। उन्होंने ने पिता पर चाकू से हमला कर दिया। मां बचाने आई तो उन पर भी वार किए थे।

## लेंसकार्ट विवाद में नया मोड़: मुंबई के स्टोर पहुंचीं नाजिया इलाही, कर्मचारियों को लगाया तिलक

**मुंबई।** आईवियर रिटेल कंपनी लेंसकार्ट ड्रेस कोड को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर चर्चा में आ गया है। कारण है कि विवाद के बीच भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की नेता नाजिया इलाही खान सोमवार को मुंबई के एक लेंसकार्ट स्टोर पहुंचीं और वहां कर्मचारियों को तिलक लगाया। इसका वीडियो नाजिया इलाही खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। साथ ही कहा कि हिंदू पहचान और परंपराओं पर कभी समझौता नहीं करना चाहिए। यह बयान तब आया जब एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह स्टोर के कर्मचारियों से धार्मिक प्रतीकों को लेकर सवाल करती नजर आईं।



वीडियो में देखा गया कि खान अपनी टीम के साथ स्टोर में गईं और मैनेजर से बात करने को कहा। मैनेजर ने अपना नाम मोहसिन खान बताया। इसके बाद नाजिया ने उनसे पूछा कि क्या स्टोर में तिलक जैसे हिंदू धार्मिक प्रतीकों पर रोक लगाई गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदू प्रतीकों पर रोक लगाई जा रही है, जबकि हिजाब जैसे अन्य धार्मिक पहनावे की अनुमति है। हालांकि, मैनेजर ने इन आरोपों को साफ तौर पर खारिज कर दिया।

वीडियो में देखा जा सकता है कि नाजिया ने स्टोर में मौजूद कुछ कर्मचारियों को बुलाकर उन्हें तिलक लगाया और कहा कि इसमें शर्म की कोई बात नहीं है।

## हल्दिया में गरजीं सीएम ममता, कहा- बंगाल में फिर बनेगी टीएमसी सरकार, भाजपा को कोई नहीं चाहता



### ममता बनर्जी ने विपक्षी दलों से एकजुट होने की अपील की

**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को हल्दिया में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) लगातार चौथी बार सत्ता में वापसी करेगी। ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य में कोई भी भाजपा की सरकार नहीं चाहता है।

ममता बनर्जी ने विपक्षी दलों से एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र से भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत नहीं होगी। टीएमसी फिर से सरकार बनाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि साल 2026 में भाजपा को दिल्ली की सत्ता से भी बाहर कर देंगे।

इस दौरान ममता बनर्जी ने नेता प्रतिपक्ष सुभेंदु अधिकारी का नाम लिए बिना उन पर तीखे तंज कसे। उन्होंने कहा कि आपके भीतर बहुत अहंकार है। आपका तो पूरा परिवार ही चुनाव लड़ रहा है। ममता बनर्जी ने अभिषेक बनर्जी का बचाव करते हुए कहा कि आप रोज अभिषेक को बुरा-भला कहते हैं। आप उनसे मुकाबला नहीं कर सकते और मुझसे लड़ना चाहते हैं? मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आने वाले दिनों में अभिषेक बनर्जी ही मिदनापुर की देखरेख करेंगे।

टीएमसी प्रमुख ने बताया कि वह पिछले एक महीने से पूरे बंगाल का दौरा कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने जनता की नब्ज को पहचाना है। उन्हें साफ दिख रहा है कि लोग भाजपा को पसंद नहीं कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने भाजपा पर पलटवार करते हुए अपनी 'चार्जशीट' भी जारी की। दरअसल, भाजपा ने टीएमसी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए एक चार्जशीट पेश की थी। इसके जवाब में ममता बनर्जी ने भाजपा पर हल्दिया डॉक और औद्योगिक क्षेत्रों में 'कट-मनी' (कमीशन) लेने का आरोप लगाया।

ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी आलोचना की। प्रधानमंत्री ने हाल ही में कहा था कि बंगाल की सभी 294 सीटों पर वह खुद भाजपा के उम्मीदवार हैं। इस पर ममता ने तंज कसते हुए कहा कि ऐसा करने के लिए प्रधानमंत्री को पहले अपने पद से इस्तीफा देना होगा। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 28 मार्च को टीएमसी सरकार के खिलाफ एक आरोप पत्र जारी किया था। इसमें भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और घुसपैठ जैसे मुद्दे उठाए गए थे। अब ममता बनर्जी ने उन्हीं के अंदाज में भाजपा को घेरा है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव दो चरणों में होंगे। पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल और दूसरे चरण का 29 अप्रैल को होगा। वोटों की गिनती चार मई को की जाएगी।

## तेलंगाना के वारंगल में चार गिरफ्तार

**वारंगल।** तेलंगाना में पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ड्रग गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से करीब 20 किलो हश ऑयल बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 2.5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई मिली सूचना के आधार पर की गई। आरोपी ओडिशा और आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। इन्हें वारंगल बस स्टैंड के पास रेलवे गुड्स शेड इलाके में संदिग्ध हालत में पकड़ा गया, जहां वे मुंबई जाने की तैयारी में थे और ड्रग्स की तस्करी करने की कोशिश कर रहे थे।

जांच में सामने आया कि यह गिरोह गांजे से हश ऑयल तैयार कर अलग-अलग शहरों में सप्लाई करता था। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी अपने गांव में गांजे की खेती करता था और वहीं से ड्रग्स बनाकर गिरोह के साथ मिलकर बेचता था। पुलिस ने यह भी बताया कि हाल ही में गिरोह ने करीब 40 किलो हश ऑयल तैयार किया था, जिसमें से 20 किलो एक फरार आरोपी अपने साथ ले गया था। बाकी 20 किलो बरामद कर लिया गया है।

## खरगे ने पीएम के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की, सफाई में कहा- वो डराते हैं

**चेन्नई।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपनी एक कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवादों के केंद्र में हैं। दरअसल एक रैली में उन्होंने पहले पीएम मोदी की तुलना आतंकवादी से कर दी। हालांकि बाद में सफाई देते हुए पना बचाव किया है। इस पूरे घटनाक्रम ने चुनावी माहौल में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जुबानी जंग को और भी तीखा कर दिया है।



चेन्नई में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने अन्नाद्रमुक (अक्अउ्दक) के भाजपा के साथ गठबंधन करने पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि अन्नाद्रमुक के लोग मोदी के साथ कैसे जुड़ सकते हैं, जबकि वे समानता और न्याय में विश्वास नहीं रखते। खरगे ने आगे कहा कि ऐसे लोगों के साथ हाथ मिलाना लोकतंत्र को कमजोर करने जैसा है। इसी दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री के संदर्भ में आतंकवादी शब्द का प्रयोग किया।

बढ़ते विवाद को देखते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने तुरंत अपने बयान पर स्पष्टीकरण जारी किया। उन्होंने कहा कि मैंने यह कभी नहीं कहा कि प्रधानमंत्री एक आतंकवादी हैं। मेरे कहने का मतलब यह था कि वह लोगों और राजनीतिक दलों को डराने-धमकाने का काम करते हैं। खरगे ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा धमकियां देते हैं और उनके आचरण से राजनीतिक गलियारों में डर पैदा होता है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी टिप्पणी का उद्देश्य प्रधानमंत्री की कार्यशैली पर सवाल उठाना था, न कि उन पर कोई व्यक्तिगत हमला करना।

## केसी वेणुगोपाल ने पीएम के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को विशेषाधिकार हनन (प्रिविलेज नोटिस) दिया है। अपने पत्र में वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने 18 अप्रैल 2026 को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में लोकसभा के सदस्यों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की और उनके इरादों पर सवाल उठाए। कांग्रेस का कहना है कि यह संसद की गरिमा और सांसदों के अधिकारों का उल्लंघन है। बता दें कि पीएम मोदी का यह संबोधन उस समय हुआ जब लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस का आरोप है कि इस भाषण में प्रधानमंत्री ने विपक्षी सांसदों के मतदान और उनकी मंशा को लेकर सीधे तौर पर टिप्पणियां कीं। पीएम मोदी के खिलाफ लिखे इस पत्र में कांग्रेस सांसद वेणुगोपाल ने पूरे मामले को बेहद गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है क्योंकि यह सिर्फ किसी व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि संसद और लोकतंत्र की गरिमा से जुड़ा मुद्दा है।

## दिल्ली-एनसीआर में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम आईएसआई के दो गुर्गे गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और एनसीआर में बड़े हमले की साजिश को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने समय रहते नाकाम कर दिया। पुलिस ने पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर और आईएसआई के कथित प्रॉक्सी शाहजाद भट्टी के इशारे पर काम कर रहे दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है।



स्पेशल सेल को खुफिया जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान में बैठा गैंगस्टर शहजाद भट्टी और आईएसआई के अन्य गुर्गे, भारत में मौजूद अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में ग्रेनेड हमले और टारगेट किलिंग को अंजाम देने की एक आपराधिक साजिश रच रहे हैं। इसी के आधार पर मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजवीर (21) और विवेक बंजारा (19) के रूप में हुई है। दोनों मध्य प्रदेश के ग्वालियर के रहने वाले हैं। स्पेशल सेल ने इन्हें एक विशेष अभियान के दौरान पकड़ा। पुलिस ने आरोपी राजवीर के पास से एक पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अतिरिक्त, दोनों आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं, जिनमें आपत्तिजनक वीडियो और वॉयस नोट्स मिले हैं।

पूछताछ में पता चला कि राजवीर अपने हैंडलर शहजाद भट्टी के निर्देश पर दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र के एक प्रमुख होटल को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा था। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है और उनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि किन-किन स्थानों को निशाना बनाया जाना था।

## सौरभ हत्याकांड : कोर्ट में मुस्कान ने सभी आरोपों से किया इनकार




**मेरठ।** ब्रह्मपुरी के बहुचर्चित सौरभ हत्याकांड में मंगलवार को 13 महीने बाद हत्यारोपी मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला की कोर्ट में पेशी हुई। कोर्ट में पूछ गए सवालों के ज्यादा जवाब में मुस्कान ने नहीं में दिए। उसने कहा कि न उसने नीला ड्रम खरीदा और न ही मेडिकल स्टोर से बेहोश करने वाली दवा। इस दौरान मुस्कान की बेटी राधा उसकी गोद में थी।

सौरभ की हत्या को लेकर इतना आक्रोश था कि 19 मार्च को दोनों की पेशी के दौरान वकीलों ने साहिल की पिटाई कर दी थी। इस घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। इसके बाद से दोनों हत्यारोपियों को कोर्ट में पेश नहीं किया जा रहा था। दोनों की जेल से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हो रही थी।

इस केस में 22 गवाहों ने बयान दर्ज कराए हैं। जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) कृष्ण कुमार चौबे ने बताया कि सौरभ हत्याकांड की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुपम कुमार की अदालत में चल रही है।

## तमिलनाडु में अब तक नकदी समेत 1,200 करोड़ रुपए की सामग्री जब्त

**चेन्नई ।** तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए 23 अप्रैल को होने वाली वोटिंग में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में चुनाव अधिकारियों ने अपनी सख्ती काफी बढ़ा दी है। इसके चलते पूरे राज्य में भारी मात्रा में कैश, सोना, नशीले पदार्थ, शराब और दूसरी प्रलोभन वाली चीजें जब्त की गई हैं। जांच और छापेमारी के दौरान अब तक 1200 करोड़ रुपये की जब्ती हुई है।



**बड़ी मात्रा में शराब और प्रतिबंधित पदार्थ भी जब्त :** चुनाव निगरानी टीमों द्वारा सीधे तौर पर जब्त की गई 500 करोड़ से ज्यादा की नकदी और कीमती चीजें शामिल हैं। आयकर विभाग और अप्रत्यक्ष कर अधिकारियों जैसी प्रवर्तन एजेंसियों ने स्वतंत्र अभियानों के जरिए इस कुल राशि में काफी योगदान दिया है।

नकद के अलावा अधिकारियों ने बड़ी मात्रा में शराब और प्रतिबंधित पदार्थ भी जब्त किए हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि अवैध तरीकों से मतदाताओं को प्रभावित करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कई इलाकों से प्रलोभन बांटने की खबरें सामने आई हैं, जिनमें कूपन और मुफ्त उपहार शामिल हैं। ये खबरें खास तौर पर शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों से आई हैं।

अधिकारियों ने बताया कि पूरे राज्य में 95 प्रतिशत से ज्यादा मतदाता सूचना पर्चियां पहले ही बांटी जा चुकी हैं। कुछ क्षेत्रों में पहचानी गई कमियों को दूर करने के प्रयास जारी हैं। मतदान के दिन से पहले लगभग पूरी कवरेज सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा और कानून व्यवस्था पर आज समीक्षा बैठक करेंगे सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होने वाली होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार रात 9 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ व्यापक समीक्षा करेंगे, जिसमें परीक्षा की तैयारियों के साथ-साथ कानून व्यवस्था को लेकर भी मुख्यमंत्री महत्वपूर्ण निर्देश देंगे। बैठक में प्रदेश के सभी अपर पुलिस महानिदेशक (जोन), पुलिस आयुक्त, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, आईजी/डीआईजी रेंज, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक और जिला विद्यालय निरीक्षक समेत संबंधित अधिकारी शामिल होंगे।

गौरतलब है कि प्रदेश में 25, 26 और 27 अप्रैल को होमगार्ड भर्ती परीक्षा आयोजित की जानी है। परीक्षा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केंद्रों की निगरानी, अभ्यर्थियों की सुविधा और नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता में है। मुख्यमंत्री बैठक के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा करेंगे। संवेदनशील जिलों, परीक्षा केंद्रों और संभावित भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए जा सकते हैं।



**नकल पर जीरो टॉलरेंस नीति :** योगी सरकार का पूरा जोर परीक्षा को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने पर है। नकल, पेपर लीक या किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर सरकार जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई सुनिश्चित कर रही है।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली | बुधवार 22 अप्रैल -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लड़ा जाएगा 2027 का चुनावी रण

## भाजपा की तैयारियां पूरी, चाहे ऐलान हो जाए किसी भी क्षण

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी रण के लिये भाजपा अपने कार्यकताओं की एक फौज तैयार कर चुकी है। बूथ पर उसके कार्यकर्ता हैं, मंडल पर उसकी टीम है और सबसे खास बात ये है कि भाजपा डिजिटल प्लेटफार्म पर पूरी तरह से डिजिटल हथियारों से लैस है। यहां अगर महानगर की बात करें तो एक कप्तान के रूप में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सोशल मीडिया वॉरियर फौज के बड़े कप्तान है। उनकी पहले से ही इस विषय पर पकड़ रही है।




वो महामंत्री रहते हुए भी ऐसे कई आयामों की कमान संभाल चुके हैं। हालांकि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अन्य दल भी हैं लेकिन भाजपा यहां मजबूत स्थिति में है। सोशल मीडिया मैदान पर हालांकि कुछ दिक्कतें हो सकती हैं लेकिन इन दिक्कतों का समाधान भी है। सोशल मीडिया के मामले में मयंक गोयल इसके इस्तेमाल को बेहतर जानते हैं। सोशल मीडिया की बात करें तो यहां यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक एप सहित कई अस्त्र शस्त्र लेकर तैयारी हो रही है। सोशल मीडिया का युग है और इसमें क्रिया-प्रतिक्रिया का दौर भी चलता है। हर सियासी दल यहां अपनी आईटी टीम तैयार कर रहा है। सूत्र बताते हैं कि कॉर्डिनेशन वाली टीम इलेक्शन से पहले तैयार हो रही है। सहयोगी दलों के नेताओं को साथ लिया जा रहा है। नमो एप, सरल एप, जैसे विषयों के प्रभारी बनाए गए हैं। पार्टी यहां पर प्रभारी की जिम्मेदारी भी दे रही है। सूत्र बताते हैं कि 30 से 40 लोगों की टीम तैयार की गई है। सभी को चुनावी थीम समझा दी गई है।

# 25 अप्रैल को सपा मुखिया अखिलेश यादव आ रहे हैं गाजियाबाद

## 'किसान क्यों पीड़ित, क्यों परेशान' विषय पर करेंगे बुद्धिजीवियों से बात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी चुनावी तैयारियों को लेकर लगातार काम कर रही है। वो विपक्ष वाले तेवरों के साथ मैदान में हैं। स्थानीय मुद्दों पर उनके स्थानीय नेता आते हैं और बड़े मुददों पर प्रदेश और राष्ट्रीय नेता आते हैं। खुद समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री

अखिलेश यादव खुद मैदान में हैं। वो लगातार जनता के बीच हैं, समाज के हर वर्ग की नब्ज टटोल रहे हैं। विपक्ष के ऐसे नेता जो मुखर होकर बोल रहे हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव 25 अप्रैल को गाजियाबाद आ रहे हैं। समाजवादी पार्टी कृषि को लेकर फोकस कर रही है। किसान क्यों पीड़ित है, क्यों परेशान हैं, इस विषय पर वो एक गोष्ठी आयोजित कर रही है।




समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अभिषेक मिश्रा विजन इंडिया के कार्यक्रम में प्रबुद्ध वर्ग के साथ मुद्दों को उठा रहे हैं।

इस कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया जाता है। जिसमें एडवोकेट, सीए, डॉक्टर और शिक्षक शामिल हैं। 25 अप्रैल को विजन इंडिया कार्यक्रम में 'किसान क्यों पीड़ित, क्यों परेशान' विषय पर गोष्ठी आयोजित है। होटल रेडिसन ब्लू में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में किसानों के मुद्दों पर बात होगी, किसान क्यों पीड़ित हैं, क्यों परेशान हैं, इस विषय पर समाज के प्रबुद्ध वर्ग के लोग अपने विचार रखेंगे। बड़ी बात ये है कि इस कार्यक्रम में समाज के बुद्धिजीवी वर्ग मौजूद रहेंगे और ये उनका विजन होगा कि वो मौजूदा परिस्थितियों को किस नजरिये से देख रहे हैं। बहरहाल विजन इंडिया के इस कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आ रहे हैं। इस कार्यक्रम के जरिये सपा एक संदेश दे रही है। गाजियाबाद में 100 लोग इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। सामाजिक कार्यक्रम का इसे नाम दिया गया है और सोशल जस्टिस को लेकर चर्चा होगी। समाजवादी पार्टी की ये पहल है। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी किसानों की बात को बुद्धिजीवियों के मंच पर रखेगी। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी अपने संबोधन देंगे।

# भाजपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को पढ़ाया दायित्वों का पाठ

## पद और जिम्मेदारियों के बीच का सामंजस्य समझाया



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल इस समय संगठन के कप्तान हैं। उन्हें फुल टीम मिल चुकी है और वो अब लगातार कार्यकताओं को अपडेट कर रहे हैं। मयंक गोयल अध्यक्ष के रूप में एक ऐसा व्यक्तित्व है जिन्हें डिजीटल से लेकर फिजिकल तक पूरा ज्ञान हैं वो खुद एक शानदार वक्ता है और कई मौकों पर वो अपनी टीम को कार्यकताओं को दायित्व याद दिलाना नहीं भूलते। भाजपा महानगर अध्यक्ष ने दफ्तर पर बैठक के दौरान कार्यकताओं को और पदाधिकारियों को उनके दायित्वों का पाठ पढ़ाया।उन्हें ये समझाया कि संगठन द्वारा निर्धारित किये गये पद एक वैधानिक प्रक्रिया है। चाहे कोई उपाध्यक्ष हो, चाहे कोई महामंत्री हो या कोई मंत्री हो सभी सदस्य सभी पदाधिकारी टीम के खिलाड़ी हैं। हर पद पर मौजूद कार्यकर्ता की सबसे अहम जिम्मेदारी है।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भाजपा की बैठक में दायित्वों का पाठ पढ़ाया। उन्होंने यहां अपने अंदाज में हास्य परिहास के साथ प्ले-वे मैथड में



ये बता दिया कि हर खिलाड़ी का प्लेस अपनी जगह महत्वपूर्ण है। कोई अपने को बहुत बड़ा ना माने और कोई अपने को कमतर ना आंके। उन्होंने यहां कहा कि सभी के पास दायित्व है और सभी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि महामंत्री के पहले उपाध्यक्ष आते हैं। उपाध्यक्ष अपनी भूमिका का निर्वहन करते हैं और फिर महामंत्री आते हैं। इसके बाद कोई मीडिया प्रभारी है, कोई सोशल मीडिया प्रभारी है। कुल मिलाकर बात ये है कि सबके पास संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी है। मयंक गोयल कार्यकताओं को दायित्व का पाठ पढ़ा रहे थे और उन्होंने कहा कि हमें हमेशा प्रोटोकॉल का ध्यान रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि चाहे कोई महामंत्री पद पर हो चाहे कोई उपाध्यक्ष पद पर हो, चाहे कोई अध्यक्ष पद पर हो, हर खिलाड़ी हर व्यक्ति महत्वपूर्ण हैं। हर खिलाड़ी की अपनी जिम्मेदारी है। हर पदाधिकारी का अपना विजन है। हमें हमेशा पार्टी प्रोटोकॉल का ध्यान रखना चाहिए। अध्यक्ष ने सबसे ज्यादा जोर मयार्दा पर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को इसका ध्यान रखना चाहिए। जब हम कार्यालय में मौजूद हों तो हमारा आचरण अनुशासन से परिपूर्ण होना चाहिए। जब हम पार्टी के मंच पर हों तो हमें अनुशासन से परिपूर्ण होना चाहिए। हम अपने आचरण से ही सरकार के प्रति संदेश लेकर चलेंगे। इस तहर से अध्यक्ष ने कार्यकताओं को समझाया।

# विधायक संजीव शर्मा को मिली एक और बड़ी जिम्मेदारी

## बनाए गए जिला प्रशिक्षण महाभियान के प्रभारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधायक संजीव शर्मा अब राजनीति के उस मुकाम की तरफ बढ़ रहे हैं जहां वो सदन में जनप्रतिनिधि हैं और संगठन भी उनपर भरोसा कर रहे हैं। विधायक संजीव शर्मा लगातार दो बार महानगर अध्यक्ष रहे हैं और वर्तमान में वो विधायक हैं। संजीव शर्मा अध्यक्ष रहते हुए संगठन को मिले कई कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक संपन्न कराया है। उनके मैनेजमेंट की धूम लखनऊ और दिल्ली तक है। वो एक ऐसे लीडर के रूप में कंसिडर होते हैं जो बिना पैनिक हुए अपने व्यवहार के मैजिक से काम करा लेते हैं। उन्हें संगठन में लगातार दायित्व मिल रहे हैं। एसआईआर अभियान में उन्हें पूरे प्रदेश का सह प्रभारी बनाया गया। चुनाव प्रचार के लिये संगठन उन पर भरोसा करता है। एक बार फिर संजीव शर्मा को बड़ी जिम्मेदारी मिली है उन्हें मेरठ महानगर का प्रशिक्षण महाअभियान का प्रभारी बनाया गया है। संजीव शर्मा पर संगठन ने भरोसा जताया है। संजीव शर्मा विधायक हैं और संगठन के कामों को वो संपन्न




**गाजियाबाद के प्ररिप्रेक्ष्य में संजीव शर्मा का नाम इस उपलब्धि के लिये खास है, क्योंकि वो एक ऐसे विधायक के रूप में अपनी पहचान छोड़ रहे हैं जिन्होंने विधायक होने के साथ-साथ संगठन पर अपना असर छोड़ा है।**

कराना जानते हैं। यही वजह है कि उन्हें अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दरअसल संजीव शर्मा को कार्यकताओं के बीच रहकर उनसे काम लेना आता है। लखनऊ से जब सूची जारी हुई तो यहां इस बात का पता चला कि उन्हें संगठन ने नई जिम्मेदारी दी है। उन्हें मेरठ महानगर प्रशिक्षण अभियान का प्रभारी बनाया गया है। माना जा रहा है कि ये एक तरीके से विधायक संजीव शर्मा का संगठन वाला प्रमोशन है। उनकी लोकप्रियता उनकी कार्यशैली और उनके व्यवहार को देखते हुए भाजपा का प्रदेश संगठन अब उन्हें जिले पर नहीं अपितु पूरे प्रदेश पर ला रहा है। विधायक संजीव शर्मा की टीआरपी में और निखार आ रहा है। भाजपा वाले ये मानते भी है कि ये एक विधायक का पॉलिटिकल प्रमोशन भी है। वो एक विधानसभा के विधायक हैं और उन्हें कई जिलों का दायित्व सौंपा जा रहा है। इस लिस्ट में कई अन्य नाम भी हैं जिनमें मानसिंह गोस्वामी का भी नाम है उन्हें सहारनपुर महानगर का प्रभारी बनाया गया है। मानसिंह गोस्वामी फिलहाल क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हैं और वो प्रशिक्षण महा अभियान के सहसंयोजक बनाए गए हैं। क्षेत्रीय मंत्री हरीश ठाकुर को भी जिला प्रशिक्षण वर्ग का प्रभारी बनाया गय है। उन्हें बिजनौर का प्रभारी बनाया गया है।

प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि को अमरोहा का प्रभारी बनाया गया है। एमएलसी श्रीचंद शर्मा को गाजियाबाद महानगर का प्रभारी बनाया गया है। इस तरह से 20 लोगों को ये दायित्व मिला है। लेकिन गाजियाबाद के प्ररिप्रेक्ष्य में संजीव शर्मा का नाम इस उपलब्धि के लिये खास है, क्योंकि वो एक ऐसे विधायक के रूप में अपनी पहचान छोड़ रहे हैं जिन्होंने विधायक होने के साथ-साथ संगठन पर अपना असर छोड़ा है। ये जिम्मेदारियां उनकी संगठन में प्रदेश वाली पारी के प्रमोशन की तरफ इशारा कर रही है।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा की तैयारियां हुईं तेज

# तीन दिन में 46 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल



### 20 केंद्रों पर 25 से 27 अप्रैल तक 6 पालियों में होगी परीक्षा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने आगामी होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निष्पक्ष और सुचारु संचालन के सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में आयोजित बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अपर जिलाधिकारी प्रशासन (नोडल अधिकारी), केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि 25, 26 और 27 अप्रैल को आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए जनपद में 20 परीक्षा केंद्र चिन्हित किए गए हैं। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी, इस प्रकार कुल 6 पालियों में परीक्षा संपन्न कराई जाएगी।

इस भर्ती परीक्षा में करीब 46 हजार अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा की पवित्रता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जाए।

उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाए।

इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और अभ्यर्थियों की सुविधाओं को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए, ताकि परीक्षा प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक पूरी हो सके।




22 April -26 page 4 21-04-26 10:37 PM Page 1



## संपादकीय

# एआई का नया युग

हाल ही में क्लॉड मिथोस प्रिव्यू (सीएमपी) की प्रस्तुति और उसकी निमार्ता एंथ्रोपिक का नए मॉडल तक पहुंच को सीमित करने का निर्णय आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) क्षमता में गुणात्मक छलांग और उन क्षमताओं से उत्पन्न नए अवसरों और खतरों को उजागर करता है। सीएमपी स्वायत्त रूप से सभी प्रकार के सॉफ्टवेयर का अंकेक्षण कर सकता है, जिसमें ऑपरेटिंग सिस्टम और पुराने प्रोग्राम शामिल हैं।

यह अभूतपूर्व पैमाने पर बग और कमजोरियों की पहचान कर सकता है और जानकारी दी गई है कि इसने आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले ऑपरेटिंग सिस्टम में हजारों अज्ञात खामियों की खोज की। सैद्धांतिक रूप से इसे व्यापक पैमाने पर ऐसी कमियों को दूर करने के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है। इसे नए प्रोग्रामों का पूर्वावलोकन और अंकेक्षण करने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे बग-रहित और सुरक्षित हों।

जब एंथ्रोपिक को इस नए मॉडल की क्षमताओं का अंदाजा लगा तो उसने यह स्वीकार किया कि इस नए मॉडल को सामान्य रूप से जारी करना बहुत खतरनाक हो सकता है। अब सीएमपी तक पहुंच कुछ सीमित संगठनों के समूह तक प्रतिबंधित रखी गई है और इसे प्रोजेक्ट ग्लासविंग नाम दिया गया है। ग्लासविंग के अधीन एंथ्रोपिक, ऐपल, ब्रॉडकॉम, सिस्को, क्राउडस्ट्राइक, गूगल तथा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अन्य कंपनियां मिलकर सीएमपी का परीक्षण और इस्तेमाल करेंगी लेकिन इस मॉडल को आम लोगों के लिए नहीं खोला जाएगा। केंद्रीय बैंक और सरकारी संस्थाएं भी इस मॉडल तक पहुंच सकती हैं।

यह चिंता का कारण हो सकता है क्योंकि सरकारें साइबर युद्ध में संलग्न होती हैं। यह सावधानी संकेत देती है कि अब एआई उन संकीर्ण तकनीकी श्रेणियों में आती है जिनके लिए केवल नियम ही नहीं बल्कि कठोर शासन संरचनाएं और पहुंच प्रतिबंध आवश्यक हैं। जैसे परमाणु ऊर्जा, विमानन और कुछ सैन्य तकनीकों के साथ होता है, सीएमपी के बड़े पैमाने पर उपयोग से पहले सुरक्षा, नियंत्रण और निगरानी स्थापित की जानी चाहिए।

सीएमपी सॉफ्टवेयर उद्योग के काम करने के तरीके को बदल देता है। भविष्य में, साइबर सुरक्षा केवल बुरे तत्वों से सिस्टम की रक्षा करने तक सीमित नहीं रहेगी। यह मूल रूप से एआई के प्रबंधन और नियंत्रण का विषय बन जाएगी, जो स्वायत्त रूप से कमजोरियों की खोज और उनका दोहन कर सकती है। सिस्टम को बग रहित करने का तरीका पूरी तरह बदल जाएगा। कोड को इंसान द्वारा पंक्ति दर पंक्ति देखकर कभी-कभी बग ढूंढने और उसे पैच या एक्सप्लॉइट करने के बजाय, सीएमपी एक सप्ताह में पूरे ऑपरेटिंग सिस्टम की 50 लाख बार समीक्षा कर सकता है।

# टिम कुक के बाद एपल की कमान अब जॉन टर्नस को?



**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे मूल्यवान तकनीकी कंपनियों में शुमार एपल में एक बड़े रणनीतिक बदलाव की तैयारी पूरी हो चुकी है। दिग्गज तकनीकी कंपनी को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मिल गया है। कंपनी ने बताया है कि वर्तमान सीईओ टिम कुक जल्द ही अपने पद से इस्तीफा देंगे, हालांकि वह कंपनी में एक सीमित भूमिका में बने रहेंगे। उनकी जगह एपल के हार्डवेयर इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख रहे जॉन टर्नस 1 सितंबर 2026 से कंपनी की कमान संभालेंगे।

**जॉन टर्नसः प्रोफाइल और बैकग्राउंड :** 50 वर्षीय जॉन टर्नस पिछले तीन दशकों में एपल के ऐसे पहले सीईओ होंगे जिनका मुख्य बैकग्राउंड हार्डवेयर से जुड़ा है।

शुरूआती सफरः पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट टर्नस ने अपने करियर की शुरूआत एक वर्चुअल रियलिटी स्टार्टअप के साथ की थी।

एपल में सफरः उन्होंने साल 2001 में एपल जॉइन किया था। कंपनी में उन्होंने सबसे पहले मैक की स्क्रीन पर काम करने से शुरूआत की और अपनी काबिलियत के दम पर धीरे-धीरे पूरे हार्डवेयर विभाग के प्रमुख बन गए।

**प्रमुख उपलब्धियां और कार्यशैली :** एक बड़े कॉर्पोरेट ढांचे में टर्नस का नेतृत्व और कार्यशैली उन्हें इस शीर्ष पद का प्रबल दावेदार बनाते हैं।

**इनोवेशनः** टर्नस ने हाल के वर्षों में कंपनी के कई बड़े बदलावों का सफल नेतृत्व किया है। इसमें 2020 में इंटेल चिप्स को हटाकर एपल की अपनी खुद की चिप्स का इस्तेमाल करना और 'आईफोन एयर' का विकास शामिल है।

**टिम कुक जैसी कार्यशैलीः** एपल के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, टर्नस का काम करने का तरीका स्टीव जॉब्स के 'विजनरी' और जोखिम भरे अंदाज के बजाय टिम कुक के 'स्थिर और प्रबंधकीय' दृष्टिकोण से ज्यादा मेल खाता है।

# चांदी 4300 रुपये उछली, सोना 800 रुपये चढ़ा
## वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव का बाजार पर असर




**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोने-चांदी की कीमतों में सोमवार को मजबूत उछाल दिखा। अखिल भारतीय सरार्फा एसोसिएशन के अनुसार चांदी 4300 रुपये मजबूत होकर 2.57 लाख प्रति किलोग्राम के भाव पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोमवार के दिन 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 800 रुपये मजबूत होकर 1.57 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

**वैश्विक बाजार में सोने-चांदी का क्या हाल? :** हालांकि, वैश्विक रुझान सुस्त बने रहे। हाजिर चांदी 1.09 अमेरिकी डॉलर या 1.35 प्रतिशत गिरकर 79.71 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गई, जबकि सोने का भाव 0.52 प्रतिशत गिरकर 4,805.09 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, सोने ने सप्ताह की शुरूआत कमजोर रुख के साथ की, जो सप्ताहांत में भू-राजनीतिक और मैक्रो परिस्थितियों में आए बदलाव को दशार्ता है।

उन्होंने आगे कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की स्थिति तेजी से बिगड़ गई, ईरान ने इसे फिर से खोलने के 24 घंटे से भी कम समय में सख्त नियंत्रण फिर से लागू कर दिया, जबकि अमेरिका ने अपनी नाकाबंदी को दरकिनार करने की कोशिश कर रहे एक ईरानी मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया।

**वैश्विक तनाव के कारण सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव :** गांधी ने आगे कहा, इन घटनाक्रमों ने युद्धविराम की स्थिरता को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं और अमेरिका-ईरान शांति वार्ता को लेकर अनिश्चितता में वृद्धि हुई है। नए सिरे से बढ़ते तनाव ने ऊर्जा की ऊंची कीमतों और मुद्रास्फीति को लेकर चिंताओं को फिर से जीवित कर दिया है, जिससे डॉलर मजबूत हुआ है और कीमती धातुओं पर दबाव पड़ा है।

## शेयर बाजार में बढ़त के साथ क्लोजिंग
# सेंसेक्स 753 अंक चढ़ा निफ्टी 24550 के पार



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों ने शानदार वापसी की और एक मजबूत बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे विवाद में कूटनीतिक समाधान की उम्मीदों और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीदारी ने बाजार के प्रमुख सूचकांकों को नई ऊर्जा दी। शुरूआती कारोबार में धीमी चाल के बाद बाजार ने तेज रफ्तार पकड़ी। बीएसई सेंसेक्स 753.03 अंकों यानी 0.96 प्रतिशत की दमदार बढ़त के साथ 79,273.33 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 इंडेक्स 211.75 अंक या 0.87 प्रतिशत चढ़कर 24,576.60 पर पहुंच गया। एफएमसीजी और रियल्टी सेक्टर से बाजार में आई मजबूती

**बाजार की इस चौतरफा तेजी में विभिन्न सेक्टर्स का प्रदर्शन इस प्रकार रहाः** शीर्ष गेनर्सः निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स 2 प्रतिशत से अधिक उछलकर इस रैली का नेतृत्व कर रहा था। इसके अलावा निफ्टी रियल्टी इंडेक्स में भी 2.11 प्रतिशत की मजबूत बढ़त दर्ज की गई। अन्य बढ़त वाले सेक्टरः निफ्टी आईटी इंडेक्स 0.53 प्रतिशत चढ़ा, जबकि निफ्टी ऑटो 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 26,616 के स्तर पर पहुंच गया। पिछड़ने वाले सेक्टरः इस तेजी के बीच केवल निफ्टी मेटल और निफ्टी फार्मा ही दो ऐसे सेक्टर रहे, जिन्होंने अपना सत्र लाल निशानके साथ समाप्त किया। एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर. के अनुसार, निवेशकों ने मध्य पूर्व में निकट भविष्य में तनाव कम होने की उम्मीद के साथ अपना रुख तय किया है।

# 2500 करोड़ रुपये के घोटाले में निजी बैंकों के तीन अधिकारी गिरफ्तार




**नई दिल्ली।** भारतीय बैंकिंग प्रणाली की सुरक्षा और आंतरिक अनुपालनपर सवाल खड़े करने वाला एक बड़ा मामला सामने आया है। गुजरात के राजकोट जिले में पुलिस ने 2,500 करोड़ रुपये के एक विशाल साइबर धोखाधड़ी रैकेट का पदार्फाश किया है। इस बड़े वित्तीय घोटाले में संलिप्तता के आरोप में तीन प्रमुख निजी बैंकों के अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसके साथ ही इस मामले में अब तक गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या 20 तक पहुंच गई है।

**घोटाले का बढ़ता दायरा :** राजकोट (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक विजय गुर्जर द्वारा सोमवार को दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, पुलिस की शुरूआती जांच में इस धोखाधड़ी की रकम 1,500 करोड़ रुपये आंकी गई थी। हालांकि, जांच आगे बढ़ने पर इस साइबर धोखाधड़ी से जुड़े कुल लेन-देन का आंकड़ा अब 2,500 करोड़ रुपये को पार कर गया है।

पुलिस ने इस रैकेट से जुड़े नेटवर्क को खंगालते हुए अब तक 85 बैंक खातों की पहचान की है। इसके अतिरिक्त, इस बड़े घोटाले को लेकर राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर 535 शिकायतें भी दर्ज की जा चुकी हैं।

**आरोपियों की पहचान और कार्यप्रणाली :** इस वित्तीय गड़बड़ी में गिरफ्तार किए गए तीनों अधिकारी नामी निजी बैंकों से जुड़े हैं। इनकी पहचान पडधरी स्थित यस बैंक के पर्सनल मैनेजर मौलिक कमानी, जामनगर स्थित एक्सिस बैंक के मैनेजर कल्पेश डांगरिया और एचडीएफसी बैंक के पर्सनल बैंकर अनुराग बलधा के रूप में हुई है।

# यूएस में वसूले गए टैरिफ का रिफंड शुरू वॉलमार्ट को 10 बिलियन डॉलर मिल सकते हैं?



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए कुछ आयात शुल्क (टैरिफ) अब अमेरिकी कंपनियों को वापस मिल सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने इन टैक्सों को असंवैधानिक बताया है। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन इस हफ्ते एक ऑनलाइन सिस्टम शुरू करने जा रहा है। इसके जरिए कंपनियां और आयातक अपना रिफंड क्लेम कर सकेंगे।

इस फैसले से उन अमेरिकी कंपनियों को अरबों डॉलर वापस मिल सकते हैं, जिन्होंने विदेशों से सामान मंगाने पर अतिरिक्त टैक्स चुकाया था। वॉलमार्ट जैसी बड़ी कंपनियों को भारी रिफंड मिलने की संभावना है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार वॉलमार्ट को लगभग 10.2 अरब डॉलर मिल सकते हैं, जबकि टारगेट (2.2 अरब डॉलर) और नाइकी (1 अरब डॉलर) को भी अरबों डॉलर की वापसी की उम्मीद है। अन्य खुदरा विक्रेताओं को कम राशि मिलेगी, जिनमें गैप (400 मिलियन डॉलर), कोहल्स (550 मिलियन डॉलर) और होम डिपो (540 मिलियन डॉलर) शामिल हैं। वॉलमार्ट के मुख्य वित्तीय अधिकारी जॉन रेनी ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं है कि वापसी की प्रक्रिया बहुत जल्दी पूरी हो जाएगी, और जब यह राशि प्राप्त होगी।


# तेल की कीमतों में नरमी से भारत को व्यापार घाटे में मिलेगी राहत



**नई दिल्ली।** कई देशों के साथ व्यापार समझौते और कच्चे तेल की कीमतों में हालिया तेजी के बाद आने वाली नरमी से भारत को रिकॉर्ड व्यापार घाटे के मोर्चे पर राहत मिलने की उम्मीद है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक रिपोर्ट में कहा, प्रमुख रूप से सोने और चांदी के आयात में वृद्धि से वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 333.3 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। अगर भू-राजनीतिक मोर्चे पर हालात नियंत्रित रहते हैं और कच्चे तेल की कीमतें नीचे आती हैं, तो आने वाले महीनों में भारत के व्यापार घाटे में कमी आने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद उपजे वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत के आर्थिक बुनियादी आधार स्थिर बने हुए हैं। भू-राजनीतिक बाधाएं जैसे-जैसे दूर होंगी और विभिन्न देशों से नए व्यापार समझौतों का समर्थन मिलेगा, भारत के बाहरी क्षेत्र के प्रदर्शन में काफी सुधार होने की उम्मीद है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- इंसान की जीभ का घाव सबसे तेजी से ठीक होता है.
- 25. क्या आपको पता है कि, आपके शर्ट के बटन का आविष्कार भारत में ही हुआ था।
- मिनेसोटा राज्य जो की अमेरिका का एक राज्य हैं वहां एक रस्सी पर जेंट्स और लेडीज के अंडरगारमेंट्स सुखाना गैर कानूनी है, अगर यह कानून भारत में होता तो आधी से ज्यादा आबादी जेल होती।
- सबसे ज्यादा कार बनाने वाले देश में एक नंबर में हैं.
- बचपन में आपने पेंसिल से जरूर लिखा होगा लेकिन क्या आपको पता है आप एक औसत पेंसिल से लगभग 35 मील लंबी लाइन खींच सकते हैं, इसके साथ ही आप 50 हजार से भी ज्यादा शब्दों को लिख सकते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है.
- इंसान जिंदगी के लगभग 25 साल सोते हुए बिताता है.
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दाएं हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कंप्यूटर गेम्स और अन्य खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- ज्यादा अधिक सोचने वाले लोग डिप्रेस्ड रहते हैं, कम सोचिए.

## राशिफल

**मेष:** वाणी में मधुरता रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष:** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मिथुन:** वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। धैर्यशीलता में भी वृद्धि होगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**सिंह:** मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कन्या:** कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। कारोबार में बदलाव के अवसर भी मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा।

**तुला:** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**धनु:** धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। नौकरी में यात्रा पर जाना हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**मकर:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु फिर भी अपनी भावनाओं को वश में रखें। आलस्य अधिक हो सकता है। वस्त्रों एवं वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** मन में नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता-पिता का साथ मिल सकता है। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

**मीन:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है, आय में वृद्धि भी होगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है।

## चुटकुले

पापा और 18 साल का बेटा एक होटल में गए,
पापा- वेटर एक बियर और एक आईसक्रीम लाओ,
बेटा- आईसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिये ना.
दे.. चप्पल.. दे.. चप्पल.

---

खाना पकाते समय पत्नी गुनगुनाकर रोमांटिक अंदाज में अपने पति से बोली...
अगर तुम मिल जाओ... जमाना छोड़ देंगे हम।
पति ने भी रोमांटिक अंदाज में बोला...अगर तुम जमाना छोड़ जाओ... दूसरी ढूंढ लेंगे हम।

---

मौंटू- यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है।
शौंटी- सिरदर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात करो।
मौंटी- क्यों?
शौंटी- तुमने सुना नहीं है, जहर ही जहर को मारता है।

---

ग्राहक- भाई, तुमने दाढ़ी बनाने के साथ मेरी चमड़ी भी छील दी।
नाई- चिंता मत कीजिए, मैं आपसे केवल दाढ़ी बनाने के ही पैसे लूंगा।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 22 04 2026 करंट क्राइम
## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



सुमित राघवन, अभिनेता

सत्यम चौहान | रजनी जोशी | रीता चंद | बबिता शर्मा | मयंक अत्रे
मनीष चौधरी | दीपांशु | हरीओम पांडे | प्रशांत प्रभाकर | सचिन कुमार
योगेश कौशिक | अवधेश सिंह | सुरेन्द्र बघेल | सचिन कुमार | जीत तनेजा | शिवा बजरंगी
नित्यानंद तिवारी | मीशू | संदीप तेवतिया

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com





# 100 पर सिमटी टीम, फिर भी अपने गेंदबाजों पर भड़के शुभमन

**अहमदाबाद।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ 99 रन की हार के बाद शुभमन गिल ने मिडिल ओवर्स में खराब गेंदबाजी को जिम्मेदार ठहराया। गुजरात टाइटंस 100 रन पर सिमट गई, जबकि तिलक वर्मा के शतक से मुंबई ने 199 रन बनाए। गिल ने इसे एक सीख बताते हुए आगे वापसी की उम्मीद जताई।

गुजरात टाइटंस को आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 99 रन से करारी हार झेलनी पड़ी। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 199/5 का बड़ा स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में गुजरात की पूरी टीम सिर्फ 100 रन पर ढेर हो गई। यह हार गुजरात के आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी हार भी बन गई।

गिल ने गेंदबाजों को ठहराया जिम्मेदार

मैच के बाद कप्तान शुभमन गिल ने हार के लिए खास तौर पर गेंदबाजों को जिम्मेदार ठहराया, खासकर मिडिल ओवर्स में खराब प्रदर्शन को लेकर। उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो हमने मिडिल ओवर्स में बहुत ज्यादा रन दे दिए। उस विकेट पर 160-170 का स्कोर पर्याप्त होता, लेकिन हम उसे रोक नहीं पाए। इस मैच से हमें काफी सीख मिली है।'

पिच का हाल और रणनीति में कमी

गिल ने माना कि पिच थोड़ी धीमी थी, लेकिन टीम इसका फायदा नहीं उठा सकी। उन्होंने कहा, 'पिच थोड़ी स्लो थी, लेकिन हम सही एरिया में गेंदबाजी नहीं कर पाए। कुछ गेंदें रुककर आ रही थीं, कुछ तेज थीं और कुछ नीचे रह रही थीं। हमें मिडिल ओवर्स में सही लेंथ पर ज्यादा लगातार गेंदबाजी करनी चाहिए थी, जो हम नहीं कर पाए।'

### रबाडा की अच्छी शुरूआत बेकार

कगिसो रबाडा ने पावरप्ले में तीन विकेट लेकर गुजरात को शानदार शुरूआत दिलाई थी, लेकिन इसके बाद गेंदबाज दबाव बनाए रखने में नाकाम रहे। इसका फायदा उठाते हुए तिलक वर्मा ने शानदार शतक जड़ दिया।



### तिलक का तूफान और गुजरात का पतन

तिलक वर्मा ने 45 गेंदों में नाबाद 101 रन बनाकर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। जवाब में गुजरात की शुरूआत बेहद खराब रही। साई सुदर्शन पहली ही गेंद पर आउट हो गए और टीम छह ओवर में 45/3 पर संघर्ष करती दिखी। इसके बाद पूरी पारी बिखर गई। मुंबई के गेंदबाजों में अश्विनी कुमार (4/24), मिचेल सैंटनर (2/16) और एएम गजनफर (2/17) ने शानदार प्रदर्शन किया।

### 'छोटी सी चूक, वापसी करेंगे'

गिल ने इस हार को एक झटका बताते हुए आगे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा, 'यह एक छोटी सी चूक है। अब हमें बाहर जाकर मैच खेलने हैं और उम्मीद है कि हम फिर से जीत की राह पर लौटेंगे।' इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस छह मैचों में चार अंक लेकर सातवें स्थान पर पहुंच गई है। वहीं गुजरात टाइटंस छग अंकों के साथ छठे स्थान पर है, लेकिन उनका नेट रन रेट -0.821 हो गया है।



# तीरंदाजी पर फिर डोपिंग का साया

## अब ये भारतीय डोप में फंसा, इस खेल में अब तक का यह तीसरा मामला

**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी पर एक बार फिर डोपिंग का साया मंडराने लगा है, जहां सुखमणि का नाम डोपिंग मामले में सामने आया है। यह इस खेल में अब तक का तीसरा मामला है, जिसने भारतीय तीरंदाजी की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार सामने आ रहे मामलों से एंटी-डोपिंग सिस्टम और खिलाड़ियों की निगरानी को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।






डोपिंग की काली छाया से दूर रहने वाले खेल तीरंदाजी पर भी इसका खतरा मंडराने लगा है। नाडा की ओर से की गई टेस्टिंग में अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज सुखमणि गजानन बाबरेकर डोप पॉजिटिव पाए गए हैं। उनके सैंपल में विश्व डोप रोधी एजेंसी (वाडा) की सूची एस-3 के अंतर्गत प्रतिबंधित बीटा-2 एगोनिस्ट टरब्यूटालाइन पाया गया है। नाडा ने सुखमणि से इस प्रतिबंधित पदार्थ के बारे में जवाब मांगा है। महाराष्ट्र के सुखमणि ने अस्थायी प्रतिबंध स्वीकार कर लिया है। तीरंदाजी में डोपिंग दुर्लभ बात मानी जाती है। यह देश की तीरंदाजी में डोपिंग का महज तीसरा मामला है। कुछ वर्ष पूर्व पंजाब के एक तीरंदाज को डोपिंग के लिए प्रतिबंधित किया गया था। अगर सुखमणि नाडा को संतोषजनक उत्तर नहीं देते हैं तो सुनवाई के दौरान उन पर दो से चार साल का प्रतिबंध लग सकता है।

**औरंगाबाद में लिया गया था सैंपलः** 2017 की विश्व यूथ चैंपियनशिप और 2018 के एशिया कप स्टेज-3 में रजत पदक जीतने वाले रिकर्व तीरंदाज सुखमणि औरंगाबाद स्थिति एनसीओई में थे। जहां उनका नाडा ने आउट ऑफ कंपटीशन सैंपल लिया था। उनसे इस वर्ष 19 फरवरी को बी सैंपल कराने के बारे में पूछा गया। कुछ दिन पूर्व नाडा ने 2023 के एशियाई खेलों में कंपाउंड टीम स्वर्ण जीतने वाले प्रथमेश जावकर से भी नाडा ने तीन व्हेयर अबाउट फेल्योर (टेस्ट के लिए पता नहीं बताना) पर जवाब मांगा है। अगर वह संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए तो उन पर भी प्रतिबंध लगेगा, जिससे वह एशियाई खेलों में भाग नहीं ले पाएंगे।


# 99 रन की हार शर्मनाक, हमारे मिडिल ऑर्डर की पोल खुल गई अपने ही खिलाड़ियों पर बरसे GT के कोच हेडन

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजी कोच मैथ्यू हेडन ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 99 रन की हार को अस्वीकार्य बताया। उन्होंने बल्लेबाजी की खराब प्रदर्शन और डेथ ओवर्स में कमजोर गेंदबाजी को हार की बड़ी वजह माना। हेडन के अनुसार टीम ने पावरप्ले में ही मैच गंवा दिया और मिडिल ऑर्डर पर बेवजह दबाव आ गया।

गुजरात टाइटंस को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 99 रन की करारी हार झेलनी पड़ी, जिसके बाद टीम के बल्लेबाजी कोच मैथ्यू हेडन ने खुलकर नाराजगी जताई। हेडन ने साफ कहा, 'मैं उम्मीद करता हूं कि हमारी हार का अंतर इतना बड़ा नहीं होगा। 100 (99) रन का अंतर हमारी बल्लेबाजी के लिए बिल्कुल अस्वीकार्य है।'

### 'दिन बेहद खराब था'

हेडन ने मैच को लेकर निराशा जाहिर करते हुए कहा कि टीम के लिए यह दिन पूरी तरह निराशाजनक रहा। उन्होंने कहा, 'यह दिन हमारे लिए बहुत खराब रहा। सच कहूं तो रबाडा के प्रदर्शन को छोड़कर कुछ भी अच्छा नहीं था। हमें काफी काम करने की जरूरत है।'





### मजबूत बल्लेबाजी, लेकिन प्रदर्शन फेल

गुजरात के पास शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर जैसे स्टार बल्लेबाज हैं, लेकिन इस मैच में पूरी बल्लेबाजी लाइनअप फ्लॉप रही। हेडन ने कहा, 'हमारी टीम में शानदार बल्लेबाज हैं, लेकिन उन्हें बेहतर मानसिकता और बेहतर स्थिति में आकर मौके का फायदा उठाना होगा। हम 100 रन की हार से खुश नहीं हो सकते।'

### पावरप्ले में हार गई टीम

हेडन के अनुसार मैच का रुख पावरप्ले में ही तय हो गया था। उन्होंने कहा, 'पावरप्ले में आप मैच जीत नहीं सकते, लेकिन हार जरूर सकते हैं, और हमने वहीं मैच गंवा दिया।'

### मिडिल ऑर्डर पर पड़ा दबाव

शाहरुख खान और राहुल तेवतिया जैसे खिलाड़ियों पर इस मैच में ज्यादा दबाव आ गया, क्योंकि टॉप ऑर्डर जल्दी आउट हो गया। हेडन ने कहा, 'हमारे मिडिल ऑर्डर के खिलाड़ी इतने ज्यादा गेंद खेलने के लिए नहीं बने हैं। यह उनकी भूमिका नहीं है, लेकिन टॉप ऑर्डर की विफलता ने उन्हें मुश्किल में डाल दिया।'

### डेथ ओवर्स में 'हॉरर शो'

हेडन ने गेंदबाजी पर भी सवाल उठाए, खासकर आखिरी चार ओवरों में 73 रन देने को लेकर। उन्होंने कहा, 'आखिरी चार ओवरों में 73 रन देना एक ह्यहॉरर स्टोरीह्ल था। यह विश्वस्तरीय गेंदबाजी के हिसाब से बिल्कुल सही नहीं है। यह सिर्फ खराब निष्पादन का मामला था।' हेडन ने माना कि पिच पूरी तरह 200 रन वाली नहीं थी। उन्होंने कहा, 'मुझे लगा यह 175 रन वाली पिच थी, लेकिन हमने गेंदबाजी में औसत प्रदर्शन किया।

# खलील के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को एक और बड़ा झटका, इन-फॉर्म बैटर आयुष म्हात्रे हुए बाहर

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं। 18 वर्षीय खिलाड़ी शानदार फॉर्म में थे, लेकिन एसआरएच के खिलाफ मैच में चोटिल हो गए। इससे पहले भी सीएसके के दो खिलाड़ी बाहर हो चुके हैं, जिससे टीम की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल 2026 के बीच बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। इन-फॉर्म युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइजी ने आधिकारिक बयान में कहा, 'आयुष म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाजी करते हुए बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगा बैठे। उन्हें छह से 12 हफ्तों के रिहैब की जरूरत होगी। हम उनके जल्द ठीक होने की कामना करते हैं।'



**बल्लेबाजी के दौरान लगी चोट**

यह चोट सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में लगी, जब म्हात्रे रन लेते समय हैमस्ट्रिंग खींच बैठे। वह दूसरे रन के लिए दौड़ते समय दर्द से मैदान पर बैठ गए, जिसके बाद फिजियो तुरंत मैदान पर पहुंचे। हालांकि, उन्होंने मैदान नहीं छोड़ा और बल्लेबाजी जारी रखी, लेकिन कुछ गेंदों बाद ही आउट हो गए।

**शानदार फॉर्म में थे म्हात्रे**

18 साल के आयुष म्हात्रे इस मैच में इम्पैक्ट सब के रूप में उतरे थे। उन्होंने 12 गेंदों में 30 रन की तेज पारी खेली और शुरूआत से ही आक्रामक अंदाज दिखाया। इस सीजन म्हात्रे ही सीएसके के लिए स्टैंडआउट बैटर रहे हैं। लगभग हर मैच में उन्होंने शानदार स्ट्राइक रेट से रन बनाए और बड़े स्कोर तक पहुंचने में मदद की। उनका यह फॉर्म सीएसके के लिए आगे भी काफी अहम होता। हालांकि, अब वह बाहर हो चुके हैं और यह टीम के लिए बड़ा झटका है।

**कोच हसी ने जताई चिंता**

सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने मैच के बाद चोट को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा, 'यह हैमस्ट्रिंग टियर है। इसकी गंभीरता का अभी अंदाजा नहीं है, लेकिन यह काफी खराब लग रहा है। यह हमारे लिए बड़ा नुकसान है क्योंकि वह अच्छी फॉर्म में था। वह एक शानदार युवा खिलाड़ी है। हालांकि, इससे किसी और खिलाड़ी को मौका मिलेगा। हमारे पास कई अच्छे खिलाड़ी हैं, जिन्हें अभी तक मौका नहीं मिला है।'

**पहले भी लग चुके हैं झटके**

आयुष म्हात्रे इस सीजन सीएसके के तीसरे खिलाड़ी हैं जो चोट के कारण बाहर हुए हैं। इससे पहले खलील अहमद और नाथन एलिस भी बाहर हो चुके हैं। वहीं, टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी भी अभी तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं, क्योंकि वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं।

# टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पांच में शामिल होने के करीब शेफाली, मंधाना को एक स्थान का नुकसान

**दुबई।** शेफाली वर्मा को मंगलवार को जारी महिलाओं की आईसीसी रैंकिंग में फायदा हुआ है। शेफाली टी20 में बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पांच में आने के करीब पहुंच गई हैं और फिलहाल छठे स्थान पर आ गई हैं।

भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज शेफाली वर्मा आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पांच बल्लेबाजों में शामिल होने के करीब पहुंच गई हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को दो स्थान का फायदा हुआ है और वह शीर्ष 10 में शामिल होने के करीब हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज चल रही है और इस सीरीज के प्रदर्शन के आधार पर दोनों देशों के खिलाड़ियों को रैंकिंग में फायदा हुआ है।



हरमनप्रीत शीर्ष 10 के करीब

शेफाली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है और वह दो स्थान के सुधार से बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं, स्मृति मंधाना भारत की शीर्ष रैंकिंग की बल्लेबाज बनी हुई हैं, लेकिन उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह चौथे नंबर पर खिसक गई हैं। हरमनप्रीत कौर दो स्थान के सुधार से संयुक्त रूप से 11वें नंबर पर आ गई हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 में नाबाद 47 रन बनाए थे।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों में कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने अपना पांचवां स्थान बरकरार रखा है, जबकि एनेरी डर्कसन 18 स्थान के सुधार से 33वें नंबर पर पहुंच गई हैं। सुने लुस 35वें स्थान पर आ गई हैं। गेंदबाजों में सादिया इकबाल शीर्ष पर काबिज हैं।

# आयुष म्हात्रे की चोट ने बढ़ाई CSK की टेंशन!

## मुंबई के खिलाफ नंबर-तीन पर कौन करेगा बैटिंग? पांच विकल्प

**चेन्नई।** आयुष म्हात्रे के चोटिल होकर आईपीएल 2026 से बाहर होने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के सामने नई समस्या खड़ी हो गई है। टीम को अब उनके रिप्लेसमेंट के लिए सही खिलाड़ी चुनना होगा। प्राशांत वीर, उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा जैसे युवा विकल्पों के साथ-साथ सरफराज खान को ऊपर प्रमोट करने और एमएस धोनी की वापसी जैसे विकल्प भी चर्चा में हैं। सीएसके के लिए अब सही कॉम्बिनेशन तय करना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

आईपीएल 2026 में कई फ्रेंचाइजियों को खिलाड़ियों की चोट ने परेशान किया है। टूनार्मेंट की शुरूआत में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ ऐसा मामला नहीं था, लेकिन टूर्नामेंट के बीच में सीएसके भी इसकी चपेट में आ गई है। चेन्नई सुपर किंग्स को तीसरा बड़ा झटका लगा है। नाथन एलिस और खलील अहमद के बाद अब इन फॉर्म बल्लेबाज आयुष म्हात्रे भी आईपीएल के बाकी बचे टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं। सीएसके ने इसकी पुष्टि कर दी है।



सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच के दौरान म्हात्रे के हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था और उन्हें डॉक्टर्स ने छह से 12 हफ्तों तक आराम करने की सलाह दी है। अब सवाल यह है कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ 23 अप्रैल को वानखेड़े में होने वाले मैच में कौन खेलेगा? सीएसके को एक बार फिर नई प्लेइंग-11 के साथ उतरना पड़ेगा।

ऐसे में किसी नए खिलाड़ी को तुरंत खिलाना सीएसके को भारी पड़ सकता है। सीएसके ने खलील की जगह मुकेश चौधरी को खिलाया था। अगले मैच में भी वही खेल सकते हैं या फिर स्पेंसर जॉनसन को शामिल किया जा सकता है।

**1. प्रशांत वीर**

प्रशांत वीर ने अभी तक जो भी मौके मिले हैं, उनमें ठीक-ठाक इम्पैक्ट दिखाया है। आरसीबी के खिलाफ दबाव वाली स्थिति में 43 रन की पारी दिखाती है कि वह प्रेशर में खेल सकते हैं। इसके अलावा वह बाएं हाथ से स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। सीएसके की जरूरत अभी टीम कॉम्बिनेशन को बैलेंस करने की है, इसलिए यह सबसे मजबूत विकल्प लग रहा है।

**2. उर्विल पटेल**

उर्विल पटेल का टी20 रिकॉर्ड खासकर घरेलू क्रिकेट में बहुत विस्फोटक रहा है। 31 गेंदों में शतक (सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में) कोई छोटी बात नहीं, लेकिन आईपीएल में कंसिस्टेंसी अभी साबित नहीं हुई है। अगर सीएसके आक्रामक अप्रोच चाहती है, तो उर्विल को मौका मिल सकता है, लेकिन यह थोड़ा गैम्बल होगा।

**3. कार्तिक शर्मा**

अभी तक प्रदर्शन खराब रहा है, लेकिन सीएसके अक्सर युवा खिलाड़ियों को बैक करती है। अभी तुरंत रिप्लेसमेंट के तौर पर नहीं, लेकिन अगर टीम प्रयोग के मोड में गई तो मौका मिल सकता है। कार्तिक को हसी खुद बैटिंग प्रैक्टिस करा रहे हैं और उनसे दबाव वाली स्थिति में बल्लेबाजी कराई जा रही है।

**4. रामकृष्ण घोष**

सीएसके के प्रैक्टिस सेशन में ऑलराउंडर रामकृष्ण घोष को जमकर बल्लेबाजी अभ्यास करता देखा गया है। इसके अलावा वह तेज गेंदबाज भी हैं। ऐसे में सीएसके के लिए अच्छा विकल्प साबित हो सकते हैं।

# भारत आने को बेताब जोकोविचः कहा विराट की वजह से क्रिकेट पसंद

**नई दिल्ली।** नोवाक जोकोविच ने खुलासा किया कि विराट कोहली की वजह से उन्होंने क्रिकेट देखना शुरू किया। उन्होंने भारत आकर कोहली के साथ क्रिकेट और टेनिस खेलने की इच्छा जताई। साथ ही भारतीय फैंस के लिए प्यार व्यक्त करते हुए जल्द भारत दौरे की उम्मीद भी जताई।

टेनिस के महान खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने भारतीय दिग्गज विराट कोहली को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि कोहली की वजह से ही उन्होंने क्रिकेट देखना शुरू किया। लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स के दौरान जोकोविच ने कहा, 'विराट मेरे दोस्त हैं और मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। सच कहूं तो उन्हीं की वजह से मैंने क्रिकेट को फॉलो करना शुरू किया। पहले मैं इसे नहीं देखता था, लेकिन उनके जरिए मेरी रुचि बढ़ी।'

**'भारत आऊं तो कोहली मेरे साथ जुड़ें':** जोकोविच ने अपनी खास इच्छा भी जाहिर की कि जब वह भारत आएं तो कोहली उनके साथ समय बिताएं। उन्होंने टाइम्स नाऊ से बातचीत में कहा, 'हम संपर्क में रहते हैं और उम्मीद है कि जब मैं भारत आऊंगा, मैं अगर नहीं कहना चाहता, जब आऊंगा, तो उम्मीद है कि वह मेरे साथ जुड़ेंगे। हम थोड़ा टेनिस और थोड़ा क्रिकेट खेलेंगे, मजा करेंगे और खेल के जरिए सकारात्मक ऊर्जा फैलाएंगे।'



### भारत के लिए खास संदेश

जोकोविच ने भारतीय फैंस के लिए अपना प्यार भी जताया और जल्द भारत आने की इच्छा दोहराई। उन्होंने कहा, 'मेरा संदेश हमेशा प्यार, सम्मान और आभार का होता है। मुझे वर्षों से भारतीय फैंस का जबरदस्त समर्थन मिला है। मैं जल्द ही भारत आना चाहता हूं। पिछले कुछ वर्षों से मुझे वहां आने का एक अलग ही आकर्षण महसूस हो रहा है।'

### भारत आने की योजना

24 ग्रैंड स्लैम जीत चुके जोकोविच ने यह भी संकेत दिया कि वह भारत में किसी इवेंट या मैच का हिस्सा बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं भारत में कोई इवेंट होस्ट करना चाहता हूं या मैच खेलना चाहता हूं। मुझे भारतीय लोगों से खास जुड़ाव महसूस होता है।'

### नई पीढ़ी की टक्कर पर भी बोले

जोकोविच ने टेनिस की नई प्रतिद्वंद्विता पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनर की प्रतिस्पर्धा को खास बताया, लेकिन ह्यबिग थ्रीह्ल को सबसे महान माना। उन्होंने कहा, 'सिनर और अल्काराज की राइवलरी शानदार है, लेकिन मेरे लिए बिग थ्री हमेशा सबसे महान रहेंगे।' बिग थ्री जोकोविच, फेडरर और नडाल की तिकड़ी को कहा जाता है।

# डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज आर्यना सबालेंका

**नई दिल्ली।** स्टार टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए रखा है। स्टटगार्ट ओपन में हिस्सा न लेने के बावजूद सबालेंका 'वर्ल्ड नंबर 1' बनी हुई हैं।

बेलारूस की स्टार टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए रखा है। स्टटगार्ट ओपन में हिस्सा न लेने के बावजूद सबालेंका 'वर्ल्ड नंबर 1' बनी हुई हैं। वहीं, एलेना रिबाकिना ने एक और खिताब जीतकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है।

सबालेंका ने लगातार 79वें और कुल मिलाकर 90वें हफ्ते की शुरूआत टॉप पर की है। बीते साल स्टटगार्ट में रनर-अप रहने के कारण मिले प्वाइंट्स का बचाव न करने का फैसला लेने के बाद भी, सबालेंका ने रिबाकिना पर 2,395 प्वाइंट्स की बड़ी बढ़त बनाए रखी है। हालांकि, रिबाकिना के पोर्श टेनिस ग्रैंड प्रिक्स का खिताब जीतने के बाद यह अंतर थोड़ा कम हो गया। रिबाकिना ने फाइनल में कैरोलिना मुचोवा को शिकस्त देकर इस सीजन का अपना दूसरा और करियर का 13वां खिताब जीता।

### रिबाकिना और कोस्त्युक ने लगाई छलांग



टॉप-2 खिलाड़ियों के बाद, कोको गॉफ और इगा स्वियातेक दोनों ही स्टटगार्ट के क्वार्टर-फाइनल से बाहर होने के कारण रैंकिंग में ऊपर चढ़ने का मौका चूक गईं। खासकर स्वियातेक, टीनएज सनसनी मिरा एंड्रीवा से हारने के बाद गॉफ से आगे नहीं निकल पाईं। एंड्रीवा सेमीफाइनल में पहुंचीं और वर्ल्ड नंबर 8 पर पहुंच गईं। मुचोवा के फाइनल तक पहुंचने से उनकी रैंकिंग 11वें स्थान पर पहुंच गई है। टूनार्मेंट के दौरान गॉफ और एलिना स्वितोलिना जैसी खिलाड़ियों पर अहम जीत दर्ज करने के बाद, वह टॉप 10 में वापसी करने के बेहद करीब पहुंच गई हैं।

रूएन में, यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने अपने ही देश की वेरोनिका पोड्रेज को शिकस्त देकर करियर का दूसरा खिताब जीता। यह पहला ऐसा डब्ल्यूटीए फाइनल था जिसमें दोनों खिलाड़ी यूक्रेन की थीं। इस सीजन की शुरूआत में चोट के कारण कुछ समय बाहर रहने के बाद शानदार वापसी करते हुए, कोस्त्युक पांच स्थान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर पहुंच गईं।

19 वर्षीय पोड्रेज 62 पायदान ऊपर चढ़कर अपने करियर की सबसे ऊंची 147वीं रैंक पर पहुंच गई हैं। रैंकिंग में ऊपर चढ़ने वाली अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में, जर्मनी की तात्याना मारिया रूएन में सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद 54वीं रैंक पर पहुंच गईं, जबकि तुर्की की जेनेप सोनमेज स्टटगार्ट में जैस्मीन पाओलिनी के खिलाफ टॉप 10 में अपनी पहली ऐतिहासिक जीत के बाद अपने करियर की सबसे ऊंची 67वीं रैंक पर पहुँच गईं। अमेरिकी खिलाड़ी एलिसिया पार्क्स भी 84वीं रैंक पर पहुंचीं। रैंकिंग में नीचे की ओर सिनजा क्रौस टॉप 100 के करीब पहुंच गईं, जबकि माजा च्वालिंस्का ने दमदार डब्ल्यूटीए 125 खिताबी प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ 118वीं रैंकिंग हासिल की।




# लोनी में श्रीरामकथा के सातवें दिन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

## विधायक नंदकिशोर गुर्जर बोले, श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा और कर्तव्य का सर्वोच्च आदर्श

## राम वनवास प्रसंग पर छलके आंसू



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी स्थित सिद्ध बाबा रामपार्क में लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर द्वारा आयोजित भव्य श्रीरामकथा के सातवें दिन श्रद्धालु उमड़ पड़े। कथा व्यास परम पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज महाराज ने भगवान श्रीराम के जीवन के प्रेरणादायक प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया, जिससे पूरा पंडाल भक्ति और भावनाओं से सराबोर हो गया।

पूज्य व्यास जी ने श्रीराम के वनवास प्रसंग का इतना मार्मिक चित्रण किया कि उपस्थित श्रद्धालु एवं स्वयं विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी भावुक हो उठे और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम ने पिता के वचन और कुल की मर्यादा की रक्षा हेतु प्रसन्नतापूर्वक राज-पाट त्यागकर वनवास स्वीकार किया। यह प्रसंग हमें त्याग, कर्तव्य और धर्मपालन की प्रेरणा देता है। कथा के दौरान दिल्ली विधानसभा के डिप्टी स्पीकर मोहन सिंह बिष्ट सहित अनेक संत-महात्माओं ने व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

व्यास जी ने राजा दशरथ के प्रसंग के माध्यम से बताया कि जीवन में जिम्मेदारियों का समय पर निर्वहन आवश्यक है और अच्छे कार्यों को टालना नहीं चाहिए।

उन्होंने वर्तमान समाज को संदेश देते हुए कहा कि बुजुर्गों को उचित समय पर अपने उत्तराधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपकर ईश्वर भक्ति में लग जाना चाहिए। माता कौशल्या, कैकेयी, सीता और लक्ष्मण के चरित्रों का वर्णन करते हुए व्यास जी ने कहा कि परिवार, त्याग और कर्तव्य के इन आदर्शों से ही समाज का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि 'भाई हो तो लक्ष्मण जैसा'। जो अपने भाई के प्रति पूर्ण समर्पण का उदाहरण हैं। जब भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण वनगमन के लिए निकले तो अयोध्यावासियों के उनके पीछे चलने का प्रसंग सुनकर पंडाल में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।

इस अवसर पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा, सेवा और कर्तव्य का सर्वोच्च आदर्श है। आज के समय में हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए।

लोनी की यह श्रीरामकथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जागरण का माध्यम है। यहां उमड़ रहा जनसैलाब इस बात का प्रमाण है कि सनातन संस्कृति के प्रति लोगों की आस्था और श्रद्धा निरंतर मजबूत हो रही है। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में 'जय श्रीराम' के जयघोष गूंजते रहे।

# कविवर तेजनारायण बेचैन निराला श्री सम्मान से सम्मानित

## हिंदी सेवी ब्रज शुक्ल घायल की याद में साहित्य प्रेमी मण्डल ने किया आयोजन

**दिल्ली, करंट क्राइम।** देश की राजधानी दिल्ली स्थित हिंदी भवन के सभागार में कविवर तेजनारायण बेचैन को हिंदी सेवी ब्रज शुक्ल घायल की याद में निरालश्री सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाकवि निराला की स्मृति में स्वर गंगा कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।

ये आयोजन दिल्ली की प्रतिष्ठित संस्था साहित्य प्रेमी मण्डल द्वारा किया गया। इस कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह में हास्य-व्यंग्य, गीत गजल और वीर रस से सराबोर कविताओं ने श्रोताओं का आनंद विभोर कर दिया। कविवर विनीत चौहान को साहित्य भारती सम्मान, हास्य कवि अरुण जैमिनी को अल्हड़ बीकानेरी हास्य रत्न सम्मान और कवि दिनेश रघुवंशी को काव्य किशोर सम्मान प्रदान किया गया। इन पुरस्कारों के तहत सभी रचनाकारों को इक्यावन हजार रुपए सम्मान राशि, सम्मान पत्र, प्रतीक चिह्न और अंग वस्त्र भेंट किए गए।

श्रोताओं से खचाखच भरे सभागार में अरुण जैमिनी ने अपने चिर-परिचित अंदाज में हरियाणवी फुलझड़ियां और हास्य कविता सुनाई। तेज नारायण बेचैन ने नाइजीरिया से लाए गए चीतों पर आधारित व्यंग्य रचना से श्रोताओं को हंसाया। विनीत चौहान ने वीर रस से परिपूर्ण कविता कर्ण सुनाई तो दिनेश रघुवंशी ने मां-पिता और गांव से जुड़ी कविताएं सुनाईं।

कार्यक्रम का जीवंत संचालन लोकप्रिय कवि डॉ. प्रवीण शुक्ल ने किया। उन्होंने गीत और गजलों के साथ हास्य व्यंग्य की रचनाएं भी प्रस्तुत की और अल्हड़ बीकानेरी की शैली में उनकी कविताओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कलाम भारती की वीर रस पर आधारित कविताओं ने भी खूब तालियां बटोरी। डॉ रुचि चतुर्वेदी की रचनाओं पर श्रोताओं ने अपने स्थान पर खड़े होकर तालियां बजाई। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को ब्रज की सैर करवाते हुए कृष्ण एवं राधा और गोपियों के प्रेम की अनुभूति कराई।

उन्होंने जब तरन्नुम में यह कविता सुनाई तो सम्पूर्ण सभागार तालियों से गूंज उठा - ब्रज की रज माधुरी ने कहा, भ्रमर से पांखुरी ने कहा, अपनी राधा को आवाज दो, कृष्ण से बांसुरी ने कहा। साहित्य प्रेमी मंडल की ओर से सूबे सिंह पाराशर, राजेश कुमार, निर्दोष शर्मा, पी के आजाद, मुकेश शर्मा, शशि भारती, अशोक शर्मा, दिनेश शर्मा और पंकज शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

# नगर निगम में संभव का आयोजन, 21 शिकायतें दर्ज





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम गाजियाबाद में आयोजित संभव कार्यक्रम के दौरान नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए विशेष शिविर लगाया गया। इस दौरान कुल 21 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें विभिन्न विभागों से जुड़े मुद्दे सामने आए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सबसे अधिक 13 शिकायतें सिविल विभाग से संबंधित रहीं। वहीं, उद्यान (हॉर्टिकल्चर) विभाग से जुड़ी 4 शिकायतें दर्ज की गईं। इसके अलावा टैक्स और अतिक्रमण (एनक्रोचमेंट) से संबंधित 2-2 शिकायतें भी सामने आईं। नगर निगम अधिकारियों ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि संभव कार्यक्रम का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है, ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कार्यक्रम में आए लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के सामने रखीं और समाधान की उम्मीद जताई। निगम प्रशासन ने आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निपटारा किया जाएगा।

# युवा ईडीएस नाइट राइडर्स ने 27 रन से जीता क्रिकेट मैच




**हापुड़।** यूवाईडीएस क्रिकेट अकादमी के मैदान पर युवा ईडीएस नाइट राइडर्स और युवाईडीएस रॉयल्स के बीच खेले गए क्रिकेट मैच में युवाईडीएस नाइट राइडर्स टीम ने 27 रन से जीत हासिल किया।

युवाईडीएस नाइट राइडर्स के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 244 रन बनाए, इसमें फैजा चौधरी ने 98, तनवीर ने 34 रन, गुलशन ने 16 रन का योगदान दिया। यूवाईडीएस रॉयल्स की तरफ से गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद माज ने चार विकेट, हर्षित कुमार, युवराज सिंह, कार्तिक गहलौत ने दो दो विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे युवाईडीएस रॉयल्स के सभी खिलाड़ी 35.5 ओवर में 217 रन पर ही ढेर हो गए, इसमें आरव सारस्वत ने 43 रन, कुश कौशिक ने 39 रन, मोहम्मद माज ने 51 रन, कार्तिक बंसल ने 28 रन का योगदान दिया। युवाईडीएस नाइट राईडर्स की तरफ से गेंदबाजी करते हुए कनिष्क त्यागी ने तीन विकेट, तनवीर, अनुभव ने दो दो विकेट, युग शर्मा, फैजा चौधरी ने एक एक विकेट हासिल किया।

# इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



**हापुड़।** क्षेत्र के हिम्मतपुर रोड स्थित माउंट कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को इंटर-हाउस शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन विद्यालय के चारों हाउस के छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक उमंग यादव ने किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। शतरंज चैंपियनशिप में स्कूल के शिवालिक, विंध्याचल, अरावली और नीलगिरी हाउस के छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया।

# जिले में दो स्थानों पर बने इंटरचेंज

**हापुड़।** आगामी 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गंगा एक्सप्रेसवे का शुभारंभ हरदोई में करेंगे। लोकार्पण के लिए यह एक्सप्रेसवे हापुड़ व आसपास के क्षेत्र में पूरी तरह तैयार है। इससे मेरठ से प्रयागराज तक की करीब 600 किलोमीटर की दूरी चंद घंटों में पूरी हो सकेगी। जनपद में सिंभावली में एनएच-09 और गांव खेड़ा स्याना रोड पर उतार-चढ़ाव बनाया गया है, जिसकी सड़क बनकर तैयार हो चुकी है। शुभारंभ को देखते हुए अधिकारी अंतिम तैयारियों में जुट गए हैं।

जिले के 29 गांवों के बीच से होकर 33.30 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे गुजर रहा है। इस एक्सप्रेसवे पर 120 किलोमीटर की रफ्तार से वाहन फरार्टा भरेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरदोई से इस परियोजना का शुभारंभ करेंगे। यह एक्सप्रेसवे जिले में विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

जिले में एक्सप्रेसवे के ऊपरी हिस्से पर काम पूरा हो चुका है, मात्र चंद आंशिक काम शुभारंभ की तैयारियों को लेकर कराए जा रहे हैं। एक्सप्रेसवे पर आधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणालियों के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए गए हैं। तेज गति से वाहन चलाने पर ऑटोमेटिक ऑनलाइन चालान भी होगा।

# बिना मान्यता के चल रहे निजी स्कूल, दो सरकारी स्कूलों पर लटका मिला ताला, बाहर खेल रहे थे बच्चे

**हापुड़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रीतु तोमर ने बताया कि मंगलवार सुबह पिलखुवा क्षेत्र में स्कूलों का निरीक्षण किया गया। लाखन और हिंडालपुर के कंपोजिट स्कूलों के गेट बंद थे। इन स्कूलों में पढ़ने आए बच्चे इधर उधर घूम और खेल रहे थे। दोनों ही विद्यालय बंद पाए गए, कोई शिक्षक भी नहीं मिला।

यूपी के हापुड़ स्थित पिलखुवा में मगनुम और ग्रेस पब्लिक स्कूल बिना मान्यता चलते मिले। इनमें बच्चों को निजी किताबें और बैग भी बिक्री किए जा रहे थे। साथ ही लाखन और हिंडालपुर के कंपोजिट स्कूलों पर ताला लटका मिला, जबकि बच्चे बाहर खेल रहे थे। इन चारों स्कूलों को नोटिस जारी कर दिया गया है।

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**



**रीतु तोमर ने किया निरीक्षण:** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रीतु तोमर ने बताया कि मंगलवार सुबह पिलखुवा क्षेत्र में स्कूलों का निरीक्षण किया गया। लाखन और हिंडालपुर के कंपोजिट स्कूलों के गेट बंद थे। इन स्कूलों में पढ़ने आए बच्चे इधर उधर घूम और खेल रहे थे। दोनों ही विद्यालय बंद पाए गए, कोई शिक्षक भी नहीं मिला। इससे पहले भी इस क्षेत्र में कुछ स्कूलों को चेतावनी दी गई थी। बीएसए ने बच्चों से उनकी कक्षा से संबंधित सवाल भी पूछे। कुछ बच्चों ने संतोषजनक जवाब भी दिया। बीएसए काफी देर तक स्कूल में रहीं, लेकिन कोई शिक्षक मौके पर नहीं आ सका। दूसरे स्कूल में निरीक्षण के बाद शिक्षक स्कूल आए। इस मामले में नोटिस जारी कर, स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके बाद बीएसए ने पिलखुवा के ही मगनुम और ग्रेस पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया। इन स्कूलों से मान्यता संबंधी दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह उपलब्ध नहीं करा सके।

बीएसए ने बताया कि दोनों ही स्कूल अमान्य रूप से संचालित किए जा रहे थे।

# मकान मालिक के बेटे ने पहले की दोस्ती, फिर शादी का झांसा दे किया शोषण

**नोएडा।** कोतवाली फेज-2 में महिला ने विवेक कुमार पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। विवेक ने शादी का झांसा दिया था। वह पहले से शादीशुदा है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। महिला ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। कोतवाली फेज-2 पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

कोतवाली फेज-2 क्षेत्र में रहने वाली महिला ने पुलिस से शिकायत की है कि 2023 में वह पति के साथ रहती थी। उस दौरान मकान मालिक के बेटे विवेक कुमार से बातचीत हुई। कुछ समय बाद महिला का पति से विवाद हो गया। दोनों अलग-अलग रहने लगे। इसके बाद विवेक से महिला की दोस्ती हो गई। आरोप है कि दोस्ती के बाद विवेक उसे शादी का झांसा देकर लगातार शोषण करने लगा।

# मजदूर ने भूखंड पर कब्जे का लगाया आरोप



**नोएडा ।** उस्मानपुर गांव में एक मजदूर ने गांव के व्यक्ति पर भूखंड पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित कई दिनों से न्याय की आस में अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगा रहा है लेकिन अब तक उसे राहत नहीं मिल सकी है। पीड़ित महबूब मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। वर्ष 2001 में गांव के ही व्यक्ति से 100 वर्ग गज का आवासीय भूखंड खरीदा था। इसके बाद वहां एक कमरा बनवाया और पशुपालन भी शुरू कर दिया था। महबूब के अनुसार, करीब दस दिन पहले वह मजदूरी करने बाहर गया हुआ था। हुए थे। इसी दौरान जिस व्यक्ति से भूखंड खरीदा था, उसी ने मौके का फायदा उठाकर जमीन पर कब्जा कर लिया। महबूब का आरोप है कि जब वह वापस लौटे और इसका विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जल्द ही पुलिस कमिश्नर से मिलकर मामले की शिकायत करेंगे।




## कई थानों में हवन की जरूरत, बिगड़ रहे हैं हाल

लिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मौसम गर्म हो रहा है। तो धूप तेज होने लगी है। तो इन सब के बीच जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जो जोन के तीन थानों पर इन दिनों ग्रहण चल रहा है। सिटी का एक थाना ऐसा है जो धरना स्थल बन चुका है। वहां आत्महत्या का कोई भी मामला हो ,थाने का घेराव ना हो ऐसा मुमकिन ही नहीं है। पुलिस सूत्र बताते हैं कि दो बार लाठी भी फटकारी जा चुकी है, तो इन सबके बीच जानकारी यह है कि देहात जोन के दो थाने जो बेहद बराबर है उनके सर्किल वाले साहब भी एक हैं। उनके हालात और हाल ठीक नहीं चल रहे हैं। एक थाने में जो भी प्रभारी आ रहा है, वहां जल्द ही चला जाता है। तो दूसरे में लॉ एडं ऑर्डर का मामला लगातार बना हुआ है। इन सबके बीच जानकारी यह मिल रही है कि देहात जोन के एक एसीपी साहब इन दिनों बेहद तनाव में चल रहे हैं। वर्किंग से ज्यादा वह अपने मुंशी की वजह से टेंशन और अटेंशन में हैं। तो जानकारी यह मिल रही है कि जिन थानों के हाल और हालात ठीक नहीं चल रहे हैं, उनकी कुछ जानकारी मुख्य कार्यालय तक भी पहुंच गई है। वहीं बताया जा रहा है कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से लगातार एडीसीपी स्तर के अधिकारियों की रवानगी की हो रही है,उसकी भी चर्चा तेज है। उधर एसीपी की लिस्ट आते ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम का समीकरण बहुत तेजी से बदलेगा। इधर सूत्र बता रहे हैं कि मंगलवार की रात को फिर लाइन में मीटिंग हुई है। जिसमें प्रभारी से लेकर एसीपी और डीसीपी मौजूद रहे हैं। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में होने वाले समर क्राइम कंट्रोल को लेकर भी दिशा निर्देश दिए गए हैं। उधर सूत्र बता रहे हैं कि जिन तीन थानों का हाल इन दिनों बेहाल चल रहा है, वहां अब अधिकारियों के बीच में भी चर्चा होनी शुरू हो गई है कि वहां हवन कर लिया जाए क्योंकि वहां के हाल और हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई मामले इन दिनों कोर्ट में अधिकारियों के लिए सरदर्द बने हुए हैं। तो जिस तरीके से लगातार क्राइम कंट्रोल वाली विग अपराधियों के खाते में जुटी हुई है, ऐसे में उनकी संख्या में भी आने वाले दिनों में और इजाफा देखने को मिल सकता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में टेंपरेचर बढ़ने के साथ तीन थानों में टेरर बढ़ा हुआ है।




# प्रेमी-प्रेमिका को उम्रकैद: छाती पर बैठ समीर ने घोंटा इमरान का गला



**हापुड़।** मृतक इमरान का बेटा इस केस में मुख्य गवाह बना। उसी ने कोर्ट और परिजनों को बताया का मां और समीर ने मिलकर ही पिता इमरान की हत्या की थी। समीर ने छाती पर बैठकर अब्बू का मुंह दबा दिया, जबकि मां रुखसार ने उनके पैर पकड़े थे।

यूपी के हापुड़ स्थित बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में वर्ष 2024 में हुए इमरान हत्याकांड के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। पत्नी और उसके कथित प्रेमी द्वारा पति की हत्या करने के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने दोनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों को 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

**रुखसार ने समीर को कमरे में छिपाया:** जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) गौरव नागर ने बताया कि ग्राम छपकौली निवासी आबिद ने बाबूगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 27 अगस्त 2024 को गांव का ही रहने वाला समीर, इमरान के घर सुबह करीब 10 बजे पहुंचा था। दोपहर करीब दो बजे जब इमरान अपने घर लौटा, तो उसकी पत्नी रुखसार ने समीर को कमरे में छिपा दिया।

इमरान को पहले से ही अपनी पत्नी और समीर के बीच अवैध संबंध होने का शक था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। आरोप है कि समीर ने इमरान की छाती पर बैठकर उसका मुंह दबा दिया, जबकि रुखसार ने उसके पैर पकड़ लिए।

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ फूटा आक्रोश, किसान मोर्चा ने तहसील को घेरा



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** क्षेत्र में स्मार्ट प्रीपेड मीटरों के खिलाफ विरोध की लहर तेज होती जा रही है। भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले सैकड़ों कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने तहसील परिसर में जमकर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि बिजली विभाग ने जबरन मीटर लगाने की कोशिश की, तो उसे गंभीर विरोध का सामना करना पड़ेगा।

मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. बबली गुर्जर, युवा अध्यक्ष सतेंद्र शर्मा, महिला अध्यक्ष नीरज प्रजापति और महासचिव राहुल प्रधान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पहले पैदल मार्च निकाला और फिर तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया। काफी देर तक चले हंगामे और नारेबाजी के बाद नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन लिया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संयुक्त रूप से पदाधिकारियों ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर जनता के लिए मुसीबत बन गए हैं। उपभोक्ताओं की शिकायत है कि इन मीटरों में रीडिंग सामान्य से कहीं ज्यादा आ रही है। बैलेंस खत्म होते ही बिजली तत्काल कट जाती है, जिससे रात-बिरात लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। किसान और मजदूर वर्ग के पास इतना पैसा नहीं होता कि वे एडवांस में बिजली का रिचार्ज करा सकें।

डॉ. बबली गुर्जर ने कड़े शब्दों में कहा कि सरकार को इन मीटरों को लगाने का काम तुरंत बंद करना चाहिए और जो मीटर लग चुके हैं, उन्हें भी वापस लिया जाए। उन्होंने घोषणा की कि यदि विभाग के कर्मचारी मीटर लगाने गांव या मोहल्लों में आएंगे, तो ग्रामीण उन्हें घुसने नहीं देंगे और किसी भी कीमत पर मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से एमपी सिंह, नवीन जैन, सचिन दीक्षित, जॉनी चौधरी, सुनील प्रधान, जगपाल सिंह, विपिन जिंदल, मोनू प्रधान, बलबीर, तरुण जाटव, दिनेश चौधरी, बाबा चौधरी, परसराम, देव पंडित, मनोज शर्मा, जेपी शर्मा, कुलदीप शर्मा सहित कविता, कमलेश रानी, पूजा शर्मा और कलावती जैसी महिला कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी के बीच विभिन्न विषयों पर बात हुई। मुलाकात के इस पल को पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।





# ट्रंप के बाद अब पाकिस्तान पीएम और सेना प्रमुख को भी सम्मानित करने की मांग

**इस्लामाबाद।** खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा में शहबाज शरीफ और असीम मुनीर को नोबेल शांति पुरस्कार देने का प्रस्ताव पेश किया गया है। प्रस्ताव में उनकी कूटनीतिक भूमिका की सराहना की गई, हालांकि पीटीआई के बहुमत के चलते इसके पास होने की संभावना कम मानी जा रही है।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा में मंगलवार को एक प्रस्ताव पेश किया गया। इस प्रस्ताव में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को नोबेल शांति पुरस्कार देने की सिफारिश की गई है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (PML-N) की विधायक फराह खान ने यह प्रस्ताव विधानसभा सचिवालय में पेश किया।









### प्रस्ताव में क्या?

प्रस्ताव में कहा गया है कि इन दोनों नेताओं ने अपनी कूटनीति से क्षेत्रीय तनाव को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई है। दुनिया और क्षेत्र में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच पाकिस्तान ने बहुत ही जिम्मेदारी और समझदारी से काम लिया।

प्रस्ताव के मुताबिक, सदन क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति को बढ़ावा देने में पाकिस्तान के योगदान को स्वीकार किया है।

प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान की कोशिशों ने एक संभावित वैश्विक संकट को टालने में मदद की। इससे दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले दबाव को भी कम किया जा सका। इन्हीं योगदानों को देखते हुए शहबाज शरीफ और असीम मुनीर का नाम नोबेल शांति पुरस्कार के लिए भेजने की सिफारिश की गई है।

हालांकि, राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इस प्रस्ताव पर सदन में चर्चा होने की संभावना कम है। क्योंकि, खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के पास बहुमत है। पीटीआई इस प्रस्ताव का विरोध कर सकती है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने साल 2022 में असीम मुनीर को सेना प्रमुख बनाने का विरोध किया था।

### शहबाज शरीफ-असीम मुनीर की हुई तारीफ

इस प्रस्ताव में शहबाज शरीफ और असीम मुनीर के नेतृत्व की जमकर तारीफ की गई है। इसमें उनके दूरदर्शी नेतृत्व, रणनीतिक सूझबूझ और कूटनीतिक प्रयासों को सराहा गया है। प्रस्ताव का दावा है कि इन कोशिशों की वजह से पाकिस्तान की वैश्विक साख बढ़ी है। पाकिस्तान अब दुनिया के सामने एक जिम्मेदार और शांति चाहने वाले देश के रूप में उभरा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पाकिस्तान की इस भूमिका को पहचान मिली है।

जानकारों का मानना है कि अगर यह प्रस्ताव सदन में पेश भी होता है, तो इसका पास होना मुश्किल है।बता दें कि इससे पहले 16 अप्रैल को पंजाब विधानसभा में भी ऐसा ही एक प्रस्ताव पेश हुआ था।

पंजाब विधानसभा ने शहबाज शरीफ और असीम मुनीर को नोबेल शांति पुरस्कार देने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास कर दिया था।

# बांग्लादेश में नहीं बदले हालात: मदरसा के मौलाना पर दुष्कर्म की कोशिश के आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश के नोआखली में नाबालिग से दुष्कर्म की कोशिश के आरोप के बाद मामला और भड़क गया। आरोपी के खिलाफ शिकायत करने पर पीड़िता के घर पर भीड़ ने हमला कर दिया। इसके बाद अब मानवाधिकार संगठन ने इसे न्याय व्यवस्था की बड़ी नाकामी बताते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने के बजाय डराया जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है।

बांग्लादेश के नोआखली जिले में एक नाबालिग लड़की के साथ कथित दुष्कर्म की कोशिश के मामले में नया विवाद खड़ा हो गया है। पीड़िता के परिवार ने जब मदरसा के मौलाना के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, तो उल्टा उनके ही घर पर हमला कर दिया गया। मानवाधिकार संगठन मनुषेर जोनो फाउंडेशन (एमजेएफ) ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। संगठन ने कहा कि पीड़िता और उसके परिवार को सुरक्षा देने की बजाय उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है, जो बहुत गंभीर मामला है।



रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता के पिता ने पिछले हफ्ते चारजब्बार पुलिस स्टेशन में मदरसे के अधीक्षक अबुल खायर के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि खायर ने उनके बेटी, जो नोआखाली के सुबर्णचर उपजिला में एक स्थानीय मदरसे की निवासी छात्रा थी, से दुष्कर्म का प्रयास किया था। शिकायत दर्ज होने के बाद, कथित तौर पर लगभग 100 लोगों ने पीड़िता के घर पर हमला किया, परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की, और तोड़फोड़ व लूटपाट की। हमले का एक वीडियो शनिवार दोपहर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसने व्यापक आक्रोश पैदा कर दिया।

मानवाधिकार संगठन के कार्यकारी निदेशक ने क्या कहा?

एमजेएफ की कार्यकारी निदेशक शाहीन इनाम ने एक प्रमुख बांग्लादेशी समाचार पत्र को बताया कि यह घटना दर्शाती है कि न्याय मांगने वाले पीड़ितों और उनके परिवारों को अक्सर दंडित किया जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य को पीड़ितों और उनके परिवारों की रक्षा करनी चाहिए और आरोपी की गिरफ्तारी व अभियोजन सुनिश्चित करना चाहिए। उनका कहना था कि न्याय कानूनी प्रणाली के माध्यम से आना चाहिए, न कि अनौपचारिक समझौते या सामाजिक दबाव से।

मामले में एमजेएफ ने बांग्लादेशी अधिकारियों से सुबर्णचर की पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने, आरोपी के साथ-साथ हमले में शामिल अन्य लोगों को गिरफ्तार करने और एक त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराने का आग्रह किया है।

# ईरान का प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान जाने को राजी

**इस्लामाबाद।** अमेरिका और ईरान के बीच इस्लामाबाद में संभावित युद्धविराम वार्ता की तैयारी के संकेत मिले हैं। हालांकि दोनों देशों ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। ट्रंप की सख्त चेतावनियों और ईरान की प्रतिक्रिया के बीच यह बातचीत क्षेत्रीय तनाव कम करने के लिए अहम मानी जा रही है।



पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच दो क्षेत्रीय अधिकारियों ने मंगलवार को जानकारी दी है कि अमेरिका और ईरान ने इस्लामाबाद में युद्धविराम वार्ता के नए दौर के लिए संकेत दिए हैं। हालांकि, अभी तक अमेरिका या ईरान ने सार्वजनिक रूप से बातचीत के समय की पुष्टि नहीं की है। अधिकारियों की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब, ईरान के सरकारी टेलीविजन ने भी इस बात से इनकार किया है कि उनका कोई अधिकारी अभी पाकिस्तान की राजधानी में मौजूद है। पाकिस्तान की अगुवाई कर रहे मध्यस्थों को इस संबंध में पुष्टि मिल गई है। अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मुख्य वातार्कार बुधवार सुबह इस्लामाबाद पहुंचेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबाफ अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व करेंगे।

इस कूटनीतिक हलचल के बीच वाशिंगटन से काफी कड़े बयान आ रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर समझौता नहीं हुआ, तो वह ईरान के बिजली संयंत्रों को निशाना बनाएंगे। ट्रंप ने 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' का जिक्र करते हुए इसे परमाणु ठिकानों को पूरी तरह खत्म करने वाली कार्रवाई बताया।

वहीं ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद गालिबाफ ने इन धमकियों का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह बातचीत की मेज को आत्मसमर्पण की मेज में बदलना चाहता है। गालिबाफ ने साफ किया कि ईरान धमकियों के साये में बातचीत स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि पिछले दो हफ्तों में ईरान ने युद्ध के मैदान में नए पत्ते खोलने की पूरी तैयारी कर ली है।

# ईरान पर बरसे ट्रंप: कहा- कई बार तोड़ा संघर्षविराम

## एपल के सीईओ की जमकर की तारीफ, वर्जीनिया के मतदान पर भी बोले

**चेन्नई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टिम कुक को एक अद्भुत नेता बताते हुए एप्पल की सफलता का श्रेय उन्हें दिया है। साथ ही, उन्होंने ईरान पर कई बार संघर्षविराम उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कड़ा रुख अपनाया है। ट्रंप ने वर्जीनिया के मतदाताओं से भी एक खास अपील की है। आइए जानते हैं ट्रंप ने क्या कुछ कहा।





ईरान के साथ जंग में अमेरिका पीछे हटने को तैयार नहीं है। ट्रंप ने कल भी एक साक्षात्कार में स्पष्ट कर दिया था कि ईरान समझौता करे तो ठीक है वरना हम बमों की बारिश करने के लिए तैयार हैं। वहीं, आज भी ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ईरान को नई धमकी दे डाली। साथ ही वर्जीनिया में चुनाव को लेकर भी मतदाताओं से एक खास अपील की। दूसरी ओर एप्पल के सीईओ टिम कुक की जमकर तारीफ भी की।

### पहले जानते हैं टिम कुक पर क्या बोले ट्रंप

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एप्पल के प्रमुख टिम कुक की जमकर सराहना करते हुए उन्हें एक अद्भुत प्रबंधक और नेता बताया है। ट्रंप ने अपनी पोस्ट में लिखा कि वे स्टीव जॉब्स के भी बड़े प्रशंसक रहे हैं, लेकिन उनके हिसाब से टिम कुक के नेतृत्व में एप्पल ने जितनी तरक्की की है, वह अतुलनीय है। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल की एक घटना याद करते हुए बताया कि कैसे टिम कुक ने खुद उन्हें फोन कर एक बड़ी समस्या का समाधान माँगा था। ट्रंप के अनुसार, कुक ने महंगे सलाहकारों पर करोड़ों खर्च करने के बजाय सीधे राष्ट्रपति से संपर्क किया, जिसे ट्रंप ने टिम एप्पल का फोन आना कहकर मजाकिया अंदाज में याद किया। उन्होंने टिम कुक को एक ऐसा इंसान बताया जो काम को तेजी से और प्रभावी ढंग से पूरा करना जानता है।

### वर्जीनिया के मतदाताओं से ट्रंप ने क्या विशेष अपील की

ईरान के मुद्दे के साथ ही ट्रंप ने अमेरिकी घरेलू राजनीति को लेकर वर्जीनिया के लोगों को एक कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि वर्जीनिया, अपने देश को बचाने के लिए 'ना' कहें। ट्रंप की यह अपील वर्जीनिया में होने वाले आगामी मतदान या किसी खास विधायी प्रस्ताव के विरोध में समर्थन जुटाने की कोशिश मानी जा रही है। उन्होंने देश की सुरक्षा और विदेशी चुनौतियों को घरेलू राजनीति से जोड़ते हुए मतदाताओं को सचेत किया है।

ट्रंप ने ईरान के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ईरान ने मौजूदा संघर्षविराम का अनगिनत बार उल्लंघन किया है। राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है और दोनों देशों के बीच हुए समझौते की समय सीमा खत्म होने वाली है। ट्रंप ने साफ कर दिया है कि ईरान शांति के समझौतों का सम्मान नहीं कर रहा है, जिससे भविष्य में कड़े कदम उठाए जाने के संकेत मिल रहे हैं।

# भारतीय के हत्यारे को आजीवन कारावास

**नई दिल्ली।** टोरंटो की अदालत ने भारतीय छात्र कार्तिक वासुदेव की हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने मानसिक बीमारी के आधार पर आरोपी को जिम्मेदारी से मुक्त करने की मांग खारिज कर दी। अदालत ने माना कि आरोपी सिजोफ्रेनिया से पीड़ित था, लेकिन वह अपने कृत्य को समझने में सक्षम था।

टोरंटो की एक अदालत ने भारतीय छात्र कार्तिक वासुदेव की हत्या के मामले में दोषी व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी की मानसिक बीमारी के आधार पर आपराधिक जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने की मांग खारिज कर दी।

टोरंटो की उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेन केली ने आरोपी रिचर्ड एडविन को दो अलग-अलग हत्याओं में प्रथम श्रेणी हत्या का दोषी करार दिया। यह हत्याएं 7 अप्रैल और 9 अप्रैल 2022 को हुई थीं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अदालत ने उसे बिना पैरोल की संभावना के आजीवन कारावास की सजा दी। मामले में आरोपी ने 21 वर्षीय कार्तिक वासुदेव को गोली मारने की बात स्वीकार की थी। हालांकि बचाव पक्ष ने दलील दी थी कि घटना के समय वह मानसिक बीमारी सिजोफ्रेनिया से पीड़ित था और सही-गलत में फर्क करने की स्थिति में नहीं था, इसलिए उसे आपराधिक रूप से जिम्मेदार न माना जाए।

**आरोपी मानसिक रूप से था बिमार:** अदालत ने माना कि आरोपी मानसिक बीमारी से जूझ रहा था, लेकिन यह दलील स्वीकार नहीं की कि वह अपने कृत्य की प्रकृति समझने में असमर्थ था। इसी आधार पर अदालत ने एनसीआर (आपराधिक रूप से उत्तरदायी नहीं) की याचिका खारिज कर दी। फैसले में अदालत ने बताया कि कार्तिक वासुदेव शेरबोर्न स्टेशन के पास ब्लूर स्ट्रीट ईस्ट की सीढ़ियों की ओर जा रहे थे, तभी आरोपी तेजी से उनके पास से निकला, फिर वापस मुड़ा और उनकी पीठ पर कई गोलियां दाग दीं।

# मेक्सिको के टियाटिहुआकन में कनाडाई पर्यटक की हत्या

## पिरामिडों के बीच गोलीबारी में कई घायल

**नई दिल्ली।** मेक्सिको के टियाटिहुआकन में स्थित पिरामिड ऑफ द मून पर एक हमलावर ने अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें एक कनाडाई पर्यटक की जान चली गई और 13 अन्य घायल हो गए। हमलावर ने बाद में खुद को भी गोली मार ली। यह हमला मेक्सिको की पर्यटन सुरक्षा के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

विश्व प्रसिद्ध पुरातात्विक स्थल टियाटिहुआकन के प्राचीन खंडहर सोमवार सुबह गोलियों की तड़तड़ाहट से दहल उठे। पिरामिड ऑफ द मून की ऊंचाई से एक हमलावर ने अचानक नीचे मौजूद पर्यटकों की भीड़ पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस भीषण हमले में एक 32 वर्षीय कनाडाई महिला पर्यटक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना ने मेक्सिको की सुरक्षा व्यवस्था और आगामी फीफा वर्ल्ड कप की तैयारियों पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे जब पर्यटक इन ऐतिहासिक पिरामिडों की भव्यता देख रहे थे, तभी 27 वर्षीय हमलावर जूलियो सीजर जासो रामिरेज ने पिरामिड के ऊपरी हिस्से से गोलियां चलानी शुरू कर दीं। चश्मदीदों ने बताया कि हमलावर ने लगभग 20 से 30 राउंड फायरिंग की। पर्यटक अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर छिपने लगे।

मैक्सिकन अधिकारियों ने पुष्टि की है कि हमले में एक कनाडाई महिला ने दम तोड़ दिया है। घायल होने वाले 13 लोगों में कनाडा, अमेरिका, कोलंबिया, ब्राजील और रूस के नागरिक शामिल हैं। सात लोगों को सीधे तौर पर गोलियां लगी हैं, जबकि अन्य भगदड़ और खुद को बचाने की कोशिश में घायल हुए हैं। सभी घायलों का स्थानीय अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

### हमलावर ने खुद को भी मारी गोली

सुरक्षा बलों के मौके पर पहुंचने से पहले ही हमलावर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को उसके पास से एक पिस्तौल, एक चाकू और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए हैं। स्थानीय प्रशासन मामले की उच्च स्तरीय जांच कर रहा है।

### सरकार की प्रतिक्रिया

मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शाइनबाम ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए कनाडाई दूतावास के साथ संपर्क साधा है। घटना के बाद नेशनल गार्ड को इलाके में तैनात कर दिया गया है और पर्यटन स्थलों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

यह घटना ऐसे समय में हुई है जब देश जून में होने वाले फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी की तैयारी कर रहा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ गई है।

# एक दशक के बाद इराक-सीरिया सीमा मार्ग फिर खुला

## व्यापार और तेल निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

**बगदाद।** इराक और सीरिया के बीच एक महत्वपूर्ण सीमा पार मार्ग सोमवार को एक दशक से अधिक समय बाद फिर से खोल दिया गया। अधिकारियों ने इसे व्यापार और तेल निर्यात के लिए अहम कदम बताया है। इस क्रॉसिंग को इराक में राबिया और सीरिया में यारुबियाह के नाम से जाना जाता है। यह मार्ग 2011 में सिरिया में गृहयुद्ध शुरू होने के बाद बंद कर दिया गया था। इसके बाद 2014 में इस इलाके पर इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आतंकियों ने कब्जा कर लिया था, जिसे बाद में इराकी कुर्द बलों ने वापस अपने नियंत्रण में ले लिया।





दोनों देशों के अधिकारियों ने इस क्रॉसिंग पर समन्वय बेहतर बनाने और आवाजाही व व्यापार को आसान बनाने पर चर्चा की, ताकि साझा हितों को आगे बढ़ाया जा सके। इराक की अर्थव्यवस्था काफी हद तक तेल राजस्व पर निर्भर है, जो उसके बजट का लगभग 90 प्रतिशत है। वर्तमान में उसका अधिकांश तेल निर्यात होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए होता है, जो फारस की खाड़ी का संकरा मार्ग है और विश्व के करीब 20 प्रतिशत तेल की आवाजाही का प्रमुख मार्ग माना जाता है।

# हंगरी के भावी प्रधानमंत्री के बयान से हलचल

**बुडापेस्ट ।** क्या हंगरी पहुंचते ही नेतन्याहू गिरफ्तार हो सकते हैं? ढट पीटर के बयान ने आईसीसी वारंट को लेकर नई बहस छेड़ दी है और अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हलचल बढ़ा दी है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान के साथ जारी टकराव के बीच अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक नया मोड़ सामने आया है। हंगरी के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री पीटर मैग्यार के बयान ने वैश्विक स्तर पर हलचल बढ़ा दी है। उन्होंने साफ कहा है कि अगर इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी आते हैं, तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। यह बयान ऐसे समय आया है जब क्षेत्रीय तनाव पहले से ही चरम पर है।





स्काई न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, मैग्यार ने स्पष्ट किया कि हंगरी की सीमा में प्रवेश करने वाले किसी भी ऐसे व्यक्ति को हिरासत में लिया जाएगा, जिसके खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) का गिरफ्तारी वारंट जारी है। उन्होंने यह भी दोहराया कि हंगरी अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करेगा और आईसीसी की सदस्यता बनाए रखेगा। इसके साथ ही उन्होंने पिछली सरकार के उस फैसले को भी पलटने की बात कही, जिसमें आईसीसी से बाहर निकलने की योजना बनाई गई थी।

### बयान से तेज हुई राजनीतिक चर्चा

मैग्यार का यह बयान इसलिए भी खास माना जा रहा है क्योंकि हाल ही में उन्होंने नेतन्याहू को हंगरी आने का निमंत्रण दिया था। इस पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह निमंत्रण 1956 के आंदोलन की 70वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम के तहत कई देशों के नेताओं को भेजा गया था। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नेतन्याहू को पहले ही बता दिया गया था कि हंगरी आईसीसी के नियमों से पीछे नहीं हटेगा और कानून का पूरी तरह पालन करेगा।

दरअसल, साल 2024 में आईसीसी ने बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसी वजह से यह मामला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। अब हंगरी के प्रधानमंत्री के इस सख्त रुख के बाद यह मुद्दा और ज्यादा चर्चा में आ गया है, जिससे आने वाले समय में कूटनीतिक संबंधों पर असर पड़ सकता है।

### मैक्सिको सिटी के पास पिरामिड स्थल पर गोलीबारी

**मैक्सिको।** मैक्सिको की राजधानी से करीब एक घंटे की दूरी पर स्थित ऐतिहासिक मशहूर पिरामिड पर्यटन स्थल टेओतिहुआकान पर सोमवार को एक सशस्त्र हमलावर ने गोलीबारी कर दी, जिसमें एक कनाडाई पर्यटक की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। हमलावर ने बाद में खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी भी मौत हो गई। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

स्थानीय प्रशासन ने बताया कि चार लोग गोली लगने से घायल हुए, जबकि दो अन्य लोग भगदड़ या गिरने के कारण चोटिल हुए। घायलों में कोलंबिया, रूस और कनाडा के पर्यटक शामिल हैं। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शेनबाम ने सोशल मीडिया पर कहा कि इस घटना की जांच की जाएगी और वह कनाडाई दूतावास के संपर्क में हैं।

उन्होंने लिखा, 'टेओतिहुआकान में आज जो हुआ, उससे हमें गहरा दुख हुआ है। मैं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं।'

# पीएम स्टार्मर ने क्या देश की सुरक्षा को दरकिनार कर की थी राजदूत पीटर की नियुक्ति, अब उठ रहे सवाल

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर विवादों में घिर गए हैं। पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ओली रॉबिंस ने आरोप लगाया कि सुरक्षा चिंताओं के बावजूद पीटर मैंडेलसन को अमेरिका में ब्रिटेन का राजदूत बनाने के लिए राजनीतिक दबाव डाला गया। उनका कहना है कि सुरक्षा जांच में उठे सवालों को नजरअंदाज कर नियुक्ति प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई गई।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर एक बड़े राजनीतिक विवाद में घिर गए हैं। पूर्व वरिष्ठ सिविल सेवक ओली रॉबिन्स ने आरोप लगाया है कि पीटर मैंडेलसन को ब्रिटेन का वॉशिंगटन स्थित राजदूत नियुक्त करने के फैसले को सुरक्षा चिंताओं के बावजूद जल्द मंजूरी देने के लिए राजनीतिक दबाव बनाया गया था।



रॉबिंस, जो पहले विदेश मंत्रालय के प्रमुख रह चुके हैं, को पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री स्टार्मर ने पद से हटा दिया था। उन्होंने मंगलवार को हाउस ऑफ कॉमन्स की विदेश मामलों की समिति के सामने बयान देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से दबाव का माहौल था। उन्होंने कहा कि यह बहुत, बहुत मजबूत अपेक्षा थी कि मैंडेलसन को जल्द से जल्द पदभार संभालने के लिए अमेरिका भेजा जाए।

रॉबिंस ने समिति को बताया कि जनवरी 2025 में हुई सुरक्षा जांच को लेकर सरकार के भीतर सामान्य रूप से उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाया गया। उनका कहना था कि सुरक्षा जांच में उठी चिंताओं को गंभीरता से नहीं लिया गया और नियुक्ति प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया गया।

### स्टार्मर ने क्या सफाई दी

वहीं प्रधानमंत्री स्टार्मर ने स्वीकार किया कि मैंडेलसन को इस अहम कूटनीतिक पद के लिए चुनना उनका गलत फैसला था। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें सुरक्षा जांच में आई आपत्तियों की जानकारी होती, तो वह नियुक्ति को तत्काल वापस ले लेते। हालांकि स्टार्मर ने इस मामले की जिम्मेदारी विदेश मंत्रालय के अधिकारियों पर डाली है। उनका कहना है कि अधिकारियों ने उन्हें सुरक्षा चिंताओं की जानकारी नहीं दी और आपत्तियों के बावजूद मैंडेलसन की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। स्टार्मर ने इसे स्पष्ट रूप से चौंकाने वाला बताया कि जनवरी 2025 में हुई फेल सुरक्षा जांच के बारे में उन्हें पिछले सप्ताह तक नहीं बताया गया।

### मैंडेलसन को लेकर क्या विवाद

गौरतलब है कि स्टार्मर ने सितंबर में, पद संभालने के नौ महीने बाद, मैंडेलसन को उनके पद से हटा दिया था। यह फैसला तब लिया गया जब जेफरी एप्सटीन के साथ उनकी दोस्ती को लेकर नए खुलासे सामने आए। एपस्टीन एक दोषी यौन अपराधी था, जिसकी 2019 में जेल में मौत हो गई थी।

स्टार्मर पर बढ़ा इस्तीफे का दबाव

इस खुलासे के बाद स्टार्मर पर इस्तीफे का दबाव बढ़ गया है। विपक्षी दलों और आलोचकों का कहना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दे पर सरकार ने लापरवाही बरती और राजनीतिक सुविधा को प्राथमिकता दी।

गाजियाबाद नगर निगम Ghaziabad Nagar Nigam (ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# हिमांशु लव के नेतृत्व में कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट का मेधावी सम्मान समारोह

## अनिल अग्रवाल की मौजूदगी में छात्रों का उत्साहवर्धन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कविवर कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को मेरठ रोड स्थित डीपीएस एचआरआईटी परिसर में सीबीएसई बोर्ड 2026 की कक्षा 10 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष हिमांशु लव की अगुवाई में प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह और गौरव का माहौल बना रहा। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल नंदिनी शेखर ने भविष्य को लेकर छात्राओं का मार्गदर्शन किया एवं मेधावी छात्रों को बधाई दी।

### ट्रस्ट की पहल : प्रतिभाओं को प्रोत्साहन

**करंट क्राइम।** समारोह में ट्रस्ट की ओर से प्रत्येक छात्र-छात्रा को 3100 रुपये की सम्मान राशि, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। ट्रस्टी राजकुमार नागर एवं मनु वशिष्ठ ने भी इस पहल को आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया।

### विशिष्ट अतिथि और अभिभावकों की सहभागिता

**करंट क्राइम।** समारोह में वरिष्ठ पत्रकार दीपक भाटी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक गरिमामय बना दिया। इस मौके पर कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट के महामंत्री मनु वशिष्ठ, भाजपा पार्षद राजकुमार नागर मौजूद रहे।

**भविष्य के लिए शुभकामनाएं :** हिमांशु लव ने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य लगातार मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे भविष्य में अपने विद्यालय और जनपद का नाम रोशन करें। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रस्ट आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

### अनिल अग्रवाल की प्रेरक उपस्थिति

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में डीपीएस एचआरआईटी के चेयरमैन एवं पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान समारोह युवा प्रतिभाओं को नई दिशा देते हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

### सम्मानित छात्र-छात्राएं

**करंट क्राइम।** यशशा सिंह (95.6%), वेदार्थ शर्मा (95.6%), पालचिन शुक्ला (94.8%), आराध्या चौधरी (94.2%), अर्नव सिंह (94.2%), आयुष्यमान भाटी (94.0%), दिव्यांशु त्यागी (93.2%), अर्पित नेहरा (93.0%), हिमांशी (92.0%), शौर्य नौटियाल (90.6%), गोविंद रूहेला (90.2%), संजू (90.0%) एवं अर्चित सिंह (90.0%)।

# मोहित गुर्जर के नेतृत्व में हिंदू युवा वाहिनी की नई घोषणा, विपिन गोयल बने जिला प्रभारी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हिंदू युवा वाहिनी ने वर्ष 2026-27 के लिए संगठनात्मक विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा की है। गाजियाबाद में जिला अध्यक्ष मोहित गुर्जर के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने की दिशा में विपिन गोयल को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस घोषणा के बाद कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखा गया।

मनोनयन पत्र में बताया गया कि विपिन गोयल को संगठन के प्रति उनके योगदान, निष्ठा एवं सेवाभाव को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनसे अपेक्षा की गई है कि वे संगठन के संविधान, नियम एवं अनुशासन का पालन करते हुए संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

**संगठन को मजबूती देने की रणनीतिः** जिला अध्यक्ष मोहित गुर्जर के नेतृत्व में यह नियुक्ति संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है। कार्यकताओं का मानना है कि विपिन गोयल के जिला प्रभारी बनने से संगठन की गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

**नियम और शर्तों के साथ दी गई जिम्मेदारीः** मनोनयन पत्र के अनुसार, तीन माह के भीतर पूरी कार्यकारिणी का गठन करना अनिवार्य होगा, अन्यथा यह मनोनयन स्वतः निरस्त माना जाएगा। इसके अलावा हर माह 20 नए प्राथमिक सदस्य जोड़ने, संगठन के नाम का व्यक्तिगत लाभ हेतु दुरुपयोग न करने, बिना अनुमति किसी भी प्रकार का सार्वजनिक वक्तव्य, प्रेस विज्ञप्ति या सोशल मीडिया पोस्ट जारी न करने तथा आर्थिक लेन-देन केवल अधिकृत बैंक खाते के माध्यम से करने जैसी शर्तें भी निर्धारित की गई हैं।

**पश्चिम उत्तर प्रदेश नेतृत्व की भूमिकाः** यह नियुक्ति पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी रॉकी तोमर एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष अमित त्यागी की संस्तुति से की गई है। संगठन के इन वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आशा जताई कि विपिन गोयल संगठन को और अधिक मजबूत व प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

संगठन की ओर से जारी मनोनयन पत्र में जिला अध्यक्ष गाजियाबाद मोहित गुर्जर का भी उल्लेख किया गया है, जिनके नेतृत्व में यह पूरी नियुक्ति प्रक्रिया संपन्न हुई। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाले समय में हिंदू युवा वाहिनी गाजियाबाद में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएगी।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि मंडल प्रधान वाली बैठक में नदिया पार के कौन से मंडल प्रभार में हो गये गैर हाजिर? क्या बृज वाले विहार के मंडल अध्यक्ष कर ली अपनी अलग बैठक और नहीं पहुंचे भगवा दफ्तर? मंडल में क्या चल रही है कुछ और ही बहार? क्या मंडल के प्रधान चल रहे हैं नाराज?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि वो क्यों नही रख रहे हैं अपने काम से काम? आखिर वो हर बात में क्यों निकाल रहे हैं कमी? कहने वाले ने कहा कि अब उन्होंने सिटी वाली टीम से चार पांच चेहरों को ही बता दिया बेकार? क्या उन्होंने ले लिया नदिया पार के एक गुर्जर चेहरे का नाम? क्या उन्होंने उदाहरण के रडार पर रख लिया किसी चौधरी साहब को भी निशाने पर? देवतुल्य ने ही रख दी इस बात पर अपनी राय? बेहतर होगा इतने सम्मान के बाद वो काम से रखें काम और भगवा दफ्तर ना जायें?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मंडल वाली बैठक में उठ रहा था जज्बे और शब्दों का तूफान? सुना है बैठक में भगवा योद्धा ने कर दिया एक बड़ा ऐलान? उन्होंने कहा जज्बे के साथ काम करें तिवारी जी? क्या वो समझा रहे थे कोई जिम्मेदारी भी? क्यों कहा कि विपक्ष वाले भी नहीं करते ऐसे जैसे तुम कर रहे हो काम? क्या इन शब्दों में छुपा है कोई पैगाम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा मास्टर जी ने क्या व्यापार मंडल में कर लिया अपनी आस्था को शिफ्ट? सुना है वो पहले थे ओम वाले व्यापार वाले मंडल में पूरी वीरता के साथ? फिर उन्होंने मीत दिया बदल और बख्शी अपनी आस्था दूसरे व्यापार मंडल के साथ? कहने वाले ने कहा कि दो नावों में पैर रखने के बाद अब मास्टर जी ने रख दिया है तीसरी नाव में भी अपना पैर? सुना है अब उनके दीदार हो रहे हैं शुक्ला जी के दफ्तर में इत्मिनान के साथ? बस समझ ही जाओ आप ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या लखनऊ तक उठी है गाजियाबाद वालों के बिना कार्ड के जाने की चर्चा? क्या पूर्व मंत्री की बिटिया के विवाह में डाल रखा था गाजियाबाद के कई भगवा चेहरों ने डेरा? कहने वाले ने कहा कि मैं दावे से कह सकता हूं एक बात? गाजियाबाद के कई मेम्बर और पूर्व मेम्बर पहुंचे थे इस शादी में बिना बुलाए? कहने वाले ने कहा कि बड़े नेता के यहां निमंत्रण की जरूरत नहीं होती है? वहां तो होता है सामुहिक बुलावा? ये तो अपने भाव है वरना इतने किलोमीटर जाने में खर्च होता है पैसा? कोई नहीं है हमारे भगवा नेताओं जैसा ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा चौहान की जुबान पर आ ही गया आखिर अपने जज्बातों के शब्दों का ऊफान? वो चाहते हैं लिखत पढ़त वाली जिम्मेदारी से लेना वीआरएस? वो कह चुके हैं मैं कार्यालय की जिम्मेदारी संभाल लूंगा होकर पूरी तरह रिलैक्स? आखिर भगवा चौहान क्यों डर रहे है लिखाई-पढ़ाई के काम से? क्यों आ जाती है उनके चेहरे पर टेंशन लिखाई पढ़ाई के नाम से?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के किस वार्ड में उठ रहा है ठेले वालों से पार्षद की उगाही का तूफान? सुना है किसी पार्षद ने ले लिये चिकन वाले ठेलों से दाम? क्यों कहा कहने वालों ने ऐसा नहीं करना चाहिए ऑन द नेम ऑफ राम? क्या दूसरे वार्ड में भी चल रही है कुछ ऐसी गतिविधि? कहने वाले ने कहा कि ये व्यवस्था नहीं मानी जा सकती सही किसी भी विधि?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि फूल वालों के उस वार्ड में अभी थमा नहीं है युद्ध? वहां चल रही है रणनीति और कमान संभाल रहे हैं एक प्रबुद्ध? कहने वाले ने कहा कि प्रबुद्ध को समझना चाहिए इस बात को खुद? जिनके लिए तुम रणनीति बना रहे हो उन्होंने ही तुम्हें भगवा दफ्तर में घोषित कराया था भाजपाई? याद रखना चाहिए कि उन्होंने तुम्हें माना था अपना भाई?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि महिला आरक्षण वाले सीन में हाथ वालों की महिला कांग्रेस दिखाई दी कमजोर? आखिर क्यों नहीं लगा सकी कांग्रेस की महिला नेता इस मामले में जोर? उन्हें भी दिखाना चाहिए था यहां पर पूरा बल? केवल एक महिला नेता के फेसबुक पर वीडियो डालने से नहीं चलेगा काम? क्या कांग्रेस की महिला शक्ति कर रही है घर पर आराम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि फ्लावर वालों के यहां बनना चाहिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर कोई रूल? फूल वालों का कोई भी नेता दे देता है किसी भी बात को तूल? कहने वाले ने कहा कि मुद्दों पर विरोध हो सकते हैं मगर शब्दों का इतना भी नहीं होना चाहिए फिजूल? शब्दों की मयार्दा से ही पता चलता है नेता के आचरण का संदेश? समझ सब रहे हैं कौन ये फेस?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# सेहरा बंधने से पहले आई दुल्हन की मौत की खबर, चंद घंटों के बाद जानी थी बरात



**ग्रेटर नोएडा।** मंगलवार को शादी के दिन दुल्हन की अज्ञात बीमारी से मौत हो गई। दूल्हे के घर मुरादगढ़ी में खुशियां मातम में बदल गईं। परिवार नोएडा रवाना हुआ।

ग्रेटर नोएडा के गांव मुरादगढ़ी में उस समय सन्नाटा पसर गया, जब दुल्हन की मौत की खबर दूल्हे के घर पहुंची। मंगलवार को दोनों की शादी थी और परिवार के लोग बरात की तैयारी कर रहे थे। तभी दुल्हन के परिवार से इस अनहोनी की खबर दूल्हे के परिवार को दी गई। जिसके बाद सारी खुशियां मातम में बदल गई।

गांव मुरादगढ़ी निवासी बिजेंद्र सिंह के बेटे कौशल का विवाह बुलंदशहर के थाना काकोढ़ क्षेत्र निवासी पूर्व सैनिक की बेटी से होना था। पूर्व सैनिक वर्तमान में नोएडा में रहते हैं और बरात रबूपुरा से नोएडा जानी थी। मंगलवार को दूल्हे का परिवार बरात उठाने की तैयारी में जुटा था, तभी युवती की मौत की खबर आ गई। जिसके बाद परिवार में मातम छा गया और परिवार के लोग सीधे नोएडा रवाना हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि अज्ञात बीमारी के कारण युवती की मौत हुई है। जिसके बाद परिवार के लोग उसे ककोड़ लेकर आए और यहीं पैतृक गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# जीडीए की बड़ी राहतः डिफाल्टर आवंटियों के लिए 'एकमुश्त समाधान योजना' शुरू

## पहले ही दिन उमड़ी भीड़, 17 जुलाई तक मिलेगा ब्याज छूट का लाभ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने डिफाल्टर आवंटियों को बड़ी राहत देते हुए 'एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस-2026)' का औपचारिक शुभारंभ कर दिया है।

प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य उन आवंटियों को वित्तीय बोझ से मुक्त करना है जो लंबे समय से बकाया राशि के कारण डिफाल्टर घोषित हैं। विशेष कार्याधिकारी के कुशल निर्देशन में 18 अप्रैल 2026 को प्राधिकरण कार्यालय में एक विशेष ओटीएस हेल्प डेस्क स्थापित की गई। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जीडीए ने रेडियो, समाचार पत्रों, होर्डिंग्स और पम्पलेट्स का सहारा लिया है, जिसका असर पहले ही दिन देखने को मिला।

लगभग 100 आवंटियों ने हेल्प डेस्क पहुंचकर योजना की जानकारी ली और आवेदन फॉर्म प्राप्त किए। फॉर्म लेने वालों में से 12 आवंटियों ने मौके पर ही आवेदन प्रक्रिया पूरी कर फॉर्म जमा भी कर दिए। यह योजना 18 अप्रैल से 17 जुलाई 2026 तक प्रभावी रहेगी।

प्राधिकरण के अनुसार, यह लाभ सभी प्रकार की संपत्तियों और मानचित्र से संबंधित मामलों पर लागू है।

**अधिकारी का कथनः** 'योजना के प्रति आवंटियों में अत्यधिक रुचि देखी जा रही है। हमें उम्मीद है कि इस तीन महीने की अवधि में अधिक से अधिक डिफाल्टर आवंटी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएंगे और अपने बकाये का निस्तारण करेंगे।'

# कागजों पर फिट, धरातल पर अनफिटः भोपुरा के ओपन जिम में व्यायाम के बजाय लग रही हैं चोटें

**- पार्षद यशपाल पहलवान बोले- अधिकारियों की लापरवाही से जनता**





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भोपुरा वार्ड 20 स्थित भोपुरा गांव के मैदान में नगर निगम द्वारा स्थापित किया गया ओपन जिम स्थानीय निवासियों के लिए सुविधा के बजाय दुविधा बन गया है। लगभग दो साल बीत जाने के बाद भी जिम के उपकरणों के नीचे पक्का प्लेटफॉर्म तैयार नहीं किया गया है, जिसके कारण आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

क्षेत्रीय पार्षद यशपाल पहलवान ने नगर निगम के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिम के उपकरण दो साल पहले लगाए गए थे। लेकिन आधारभूत ढांचा न होने के कारण जमीन ऊबड़-खाबड़ है। उन्होंने बताया कि व्यायाम करने आने वाले बच्चों और बुजुर्गों को आए दिन गंभीर चोटें लग रही हैं। इस अव्यवस्था के चलते लोगों ने अब जिम का उपयोग करना ही बंद कर दिया है।

पार्षद यशपाल पहलवान ने कहा कि जहाँ एक ओर सरकार जन-स्वास्थ्य और स्वच्छता पर करोड़ों खर्च कर रही है, वहीं नगर निगम के अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह बने हुए हैं। अधिकारी केवल अपने वातानुकूलित कमरों में बैठकर कागजों पर काम कर रहे हैं। धरातल पर क्या स्थिति है, इसे देखने के लिए किसी के पास समय नहीं है। अधिकारियों के ग्राउंड विजिट न करने का खामियाजा जनता भुगत रही है। क्षेत्रीय निवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द जिम का प्लेटफॉर्म दुरुस्त किया जाए ताकि सरकार की इस योजना का वास्तविक लाभ जनता को मिल सके।

# 25 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

## लूट-चोरी गिरोह का सरगना निकला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। स्वाट टीम, सर्विलांस टीम ट्रांस हिंडन और थाना इंदिरापुरम पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी को कनावनी कट के पास से दबोचा है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गणेश के रूप में हुई है, जो वर्तमान में सरोजिनी नगर दिल्ली में रह रहा था और मूलरूप से बुलंदशहर का निवासी है।

पुलिस के अनुसार वह लंबे समय से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही थी। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गणेश एक संगठित गिरोह का सरगना है, जो अपने साथियों के साथ मिलकर लूट और चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देता था। उसके खिलाफ पहले से लूट, चोरी, पुलिस मुठभेड़ और गैंगस्टर एक्ट समेत कुल 6 मुकदमे दर्ज हैं।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी से क्षेत्र में सक्रिय अपराधी गिरोह पर बड़ा प्रहार हुआ है। उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा। पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# साइबर अपराधियों के लिए पुलिस का बड़ा एक्शन प्लान

- बैंकों के साथ हाई-लेवल मीटिंग में तय हुई रणनीति
- बैंक के स्टाफ पर भी रहेगी नजरें



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद में लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और आम जनता की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को एडिशनल (मुख्यालय एवं अपराध) केशव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई।

इस महत्वपूर्ण बैठक में जिले के सभी प्रमुख बैंकों के नोडल अधिकारी शामिल हुए। बैठक में अमित सक्सेना (एसीपी) की भी अहम उपस्थिति रही। बैठक के दौरान साइबर ठगी के बढ़ते मामलों जैसे फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी, यूपीआई स्कैम और सोशल मीडिया हैकिंग पर विस्तार से चर्चा की गई। एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने साफ शब्दों में कहा कि साइबर अपराध अब संगठित रूप ले चुका है, ऐसे में बैंक और पुलिस के बीच रियल-टाइम कोऑर्डिनेशन बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि संदिग्ध ट्रांजेक्शन की तुरंत पहचान कर उसे होल्ड करने की प्रक्रिया को तेज किया जाए, ताकि पीड़ितों की रकम को समय रहते सुरक्षित किया जा सके।

साथ ही, प्रत्येक बैंक अपने स्तर पर फ्रॉड मॉनिटरिंग सिस्टम को और अधिक मजबूत करे तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस और साइबर सेल के साथ साझा करे। एसीपी अमित सक्सेना ने कहा कि कई मामलों में देरी के कारण पीड़ितों की राशि वापस कराना मुश्किल हो जाता है, इसलिए गोल्डन ऑवर में कार्रवाई सबसे अहम होती है। उन्होंने बैंकों को 247 रिस्पॉन्स मैकेनिज्म विकसित करने और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर आने वाली शिकायतों पर त्वरित प्रतिक्रिया देने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी तय किया गया कि पुलिस और बैंक मिलकर बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएंगे।

इसके तहत ग्राहकों को फर्जी लिंक, कॉल और मैसेज से बचने, ओटीपी साझा न करने और केवल अधिकृत ऐप्स/वेबसाइट्स का ही उपयोग करने के लिए जागरूक किया जाएगा। स्कूल, कॉलेज, मार्केट और रेजिडेंशियल सोसाइटी में भी साइबर सेफ्टी वर्कशॉप आयोजित की जाएंगी। अंत में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा कि साइबर अपराध पर नियंत्रण के लिए टेक्नोलॉजी, सतर्कता और त्वरित समन्वय तीनों का मजबूत होना जरूरी है। गाजियाबाद पुलिस इस दिशा में पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है और आने वाले समय में साइबर अपराधियों पर और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रिल में करंट उतरने से किराएदार युवक की मौत

## मकान मालिक पर लापरवाही बरतने का आरोप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के सिहानी गेट क्षेत्र दौलतपुरा में मकान को ग्रिल में करंट की चपेट में किराएदार चंदन आ गया। ग्रिल छूते ही चंदन गंभीर रूप से झुलस गया। जिन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने चंदन को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने मकान मालिक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।